दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली। गुरुवार 16 अप्रैल -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 113 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## सीबीएसई बोर्ड 10वीं का रिजल्ट जारी
### बेटियों की ऊंची उड़ान, फिर गाड़े सफलता के झंडे

## 93.70% बच्चे पास



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने आज कक्षा 10वीं की मुख्य परीक्षा 2025-26 के परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस साल का कुल पास प्रतिशत 93.70% रहा है, जो पिछले साल (93.66%) के मुकाबले 0.04% बेहतर है। बोर्ड ने इस बार कॉपियों का मूल्यांकन रिकॉर्ड समय में पूरा करते हुए रिजल्ट सामान्य से करीब एक महीना पहले जारी कर दिया है।

**बेटियों ने फिर किया कमाल :** हर बार की तरह इस बार भी लड़कियों ने लड़कों को पछाड़ते हुए बाजी मारी है। लड़कियों का पास प्रतिशत लड़कों के मुकाबले बेहतर रहा है। बोर्ड ने इस साल भी किसी आधिकारिक टॉपर लिस्ट की घोषणा नहीं की है, लेकिन मेरिट सर्टिफिकेट उन छात्रों को दिए जाएंगे जिन्होंने विषयों में उच्चतम अंक प्राप्त किए हैं।

**डिजिलॉकर और उमंग ऐप पर सबसे तेज रिजल्ट :** वेबसाइट पर भारी ट्रैफिक को देखते हुए छात्र डिजिलॉकर और उमंग ऐप के जरिए अपनी डिजिटल मार्कशीट तुरंत डाउनलोड कर सकते हैं। उमंग ऐप पर रिजल्ट का लिंक सबसे पहले सक्रिय किया गया है।

**सेकंड बोर्ड एग्जाम का मौका :** जो छात्र एक या दो विषयों में सफल नहीं हो पाए हैं या अपने नंबरों से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। सीबीएसई 15 मई 2026 से 'सेकंड बोर्ड एग्जाम' (फेज-2) आयोजित करने जा रहा है। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द ही शुरू होगी।

पहली परीक्षा: फरवरी-मार्च 2026 में आयोजित की गई।

दूसरी परीक्षा: मई 2026 में प्रस्तावित है।

**त्रिवेंद्रम रीजन फिर रहा अव्वल :** रीजन-वार प्रदर्शन में एक बार फिर त्रिवेंद्रम (99.79%) और विजयवाड़ा (99.79%) संयुक्त रूप से टॉप पर रहे हैं। वहीं, नोएडा रीजन का पास प्रतिशत 87.66% और दिल्ली रीजन का प्रदर्शन 97.38% रहा है।

## सीबीएसई 10वीं परीक्षा परिणाम में गाजियाबाद का परचम
### 99% से अधिक अंक लाकर छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

**उत्कृष्ट प्रदर्शन**

**प्रतिभा सिंह सोलंकी ने 99.8 प्रतिशत एवं अमाय गुप्ता ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर नाम रौशन किया**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सीबीएसई द्वारा घोषित हाईस्कूल कक्षा 10 परीक्षा परिणाम में गाजियाबाद के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। इस वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि कई विद्यार्थियों ने 99 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर नई उपलब्धि दर्ज की है। मेधावी छात्रों ने जिले का गौरव बढ़ाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिभा सिंह सोलंकी ने 99.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तो अमाय गुप्ता ने 99.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। हालांकि सीबीएसई द्वारा आधिकारिक श्रेष्ठ सूची जारी नहीं की गई है, फिर भी ये विद्यार्थी शीर्ष प्रदर्शनकताओं में माने जा रहे हैं।




### विद्यालयों का रहा शानदार परिणाम

करंट क्राइम : गाजियाबाद के प्रमुख विद्यालयों ने इस वर्ष भी उत्कृष्ट परिणाम दिए है। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदिरापुरम के सिद्धांत तिवारी और अंश पाठक ने लगभग 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। तो क्रंबिज स्कूल इंदिरापुरम, प्रेसिडियम स्कूल इंदिरापुरम, मॉर्डन स्कूल वैशाली अव्वल प्रदर्शन वाले संस्थान रहे। तो यहां के विद्यालयों के कई विद्यार्थियों ने 95 से 99 प्रतिशत के बीच अंक प्राप्त कर जिले के समग्र परिणाम को मजबूत बनाया है।।

### इस बार भी बालिकाओं ने बालकों से बेहतर प्रदर्शन किया



करंट क्राइम : सीबीएसई ने श्रेष्ठ सूची जारी नहीं करने की नीति जारी रखी
90 प्रतिशत और 95 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। तो देशभर में उत्तीर्ण प्रतिशत लगभग 93.7 प्रतिशत रहा है।
सीबीएसई कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में गाजियाबाद ने एक बार फिर अपनी शैक्षणिक मजबूती साबित की है। विद्यार्थियों की मेहनत, विद्यालयों की गुणवत्ता और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के कारण जिला लगातार प्रगति कर रहा है।
अब सभी की नजर जिला स्तर की आधिकारिक मेधावी सूची पर टिकी है, जिसकी पुष्टि जल्द होने की संभावना है।

### विद्यार्थियों को मिला दूसरा अवसर

करंट क्राइम : सीबीएसई ने विद्यार्थियों को अंक सुधार (द्वितीय चरण परीक्षा) का अवसर भी दिया है, जिससे वे अपने अंक बेहतर कर सकते हैं। यह परीक्षा मई-जून 2026 में आयोजित की जाएगी।

## कहीं से भी नहीं उठे कार्यप्रणाली पर सवाल, पूरा हुआ पुलिस कमिश्नर का एक साल
### ऑपरेशन कन्वैक्शन, प्रहार, विदेशी नेटवर्क खात्मा, कफ सिरप, सलीम वास्तविक के आरोपियों का फुल एनकाउंटर रहे खास

**कार्यकाल**

**जनप्रतिनिधियों और पक्ष-विपक्ष के नेताओं से रहा बेहतर तालमेल**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में दूसरे पुलिस कमिश्नर के रूप में अपनी पहचान दर्ज कराने वाले आईपीएस अधिकारी जे रविंदर गौड ने 16 अप्रैल 2025 को पदभार ग्रहण करने के बाद अब अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इस एक साल में उनकी कार्यप्रणाली पर कहीं से भी गंभीर सवाल नहीं उठे, बल्कि कानून-व्यवस्था, जनसंवाद और प्रशासनिक समन्वय को लेकर उनकी कार्यशैली की सराहना ही देखने को मिली है। बीट पुलिसिंग को मजबूत करना, थानों का सौंदर्यीकरण, पुलिस कार्यालयों का आधुनिकीकरण और पुलिस लाइन में सुविधाओं का विस्तारये सभी उनके प्राथमिक एजेंडे में रहे और लगातार इन पर काम भी हुआ। साथ ही ऑपरेशन कन्वैक्शन सेल, ऑपरेशन प्रहार और जनप्रतिनिधियों के साथ सीधे संवाद के कार्यक्रमों ने पुलिस और जनता के बीच दूरी को कम करने का काम किया गया है। विदेशी नेटवर्क, जो देश के भीतर अस्थिरता और खुफिया गतिविधियों से जुड़ा हुआ था, उसे ध्वस्त करने में भी गाजियाबाद पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की।

**जनप्रतिनिधियों और पक्ष-विपक्ष से बेहतर तालमेल :** पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड की सबसे बड़ी विशेषता उनका संतुलित और संवादात्मक रवैया रहा। उन्होंने सत्ता और विपक्ष दोनों के जनप्रतिनिधियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा। गाजियाबाद के पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल, महापौर सुनीता दयाल, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, शहर विधायक संजीव शर्मा समेत कई जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। सिर्फ राजनीतिक ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र के लोग भी उनके कार्यों से प्रभावित दिखे। बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर और कनिका कपूर जैसे कलाकारों ने भी ऑपरेशन प्रहार और अपराध नियंत्रण की रणनीतियों की तारीफ की। यह तालमेल ही रहा कि पुलिस और जनता के बीच विश्वास का स्तर मजबूत हुआ और विवादों की स्थिति कम देखने को मिली।

### ऑपरेशन कन्वैक्शन, प्रहार और विदेशी नेटवर्क पर प्रहार



करंट क्राइम : कमिश्नर के कार्यकाल में अपराधियों के खिलाफ सख्त रणनीति अपनाई गई। ऑपरेशन कन्वैक्शन के तहत अपराधियों को केवल गिरफ्तार करना ही नहीं, बल्कि उन्हें सजा दिलाने तक की प्रक्रिया को तेज किया गया। वहीं ऑपरेशन प्रहार के जरिए संगठित अपराध और गैंगस्टर गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई हुई। इसके साथ ही विदेशी नेटवर्क, जो देश के भीतर असामाजिक और अलगाववादी गतिविधियों को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहा था, उसे भी गाजियाबाद पुलिस ने खत्म करने का काम किया। यह कार्रवाई न केवल स्थानीय स्तर पर बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से भी अहम मानी जा रही है।

### फुलएनकाउंटर और क्राइम कंट्रोल में सख्ती



करंट क्राइम : क्राइम कंट्रोल को लेकर कमिश्नर जे रविंदर गौड का रुख बेहद सख्त रहा। उनके कार्यकाल में तीन बड़े फुल एनकाउंटर चर्चा में रहे। रंगदारी के मामले में क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने बलराम ठाकुर का फुलएनकाउंटर किया, वहीं लोनी क्षेत्र में सलीम वास्तविक पर जानलेवा हमले के आरोपियों दो सगे भाइयों को भी पुलिस ने मुठभेड़ में ढेर किया। करीब एक साल में 80 से अधिक पुलिस मुठभेड़ों ने यह साफ संकेत दिया कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई गई। इसके अलावा साइबर सेल को मजबूत करना और हर थाने में वरिष्ठ नागरिक सेल की शुरूआत जैसे कदम भी पुलिसिंग को आधुनिक और संवेदनशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हुए। इस एक वर्ष के कार्यकाल में आईपीएस जे रविंदर गौड ने जहां अपराधियों पर सख्ती दिखाई, वहीं आम जनता और जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद कायम रखकर गाजियाबाद पुलिस की छवि को मजबूत करने का काम भी किया है।

## नोएडा में जब मजदूरों पर हुआ लाठीचार्ज तो समाजवादी पार्टी ने शुरू की जांच
### शुक्रवार को दस सपा नेताओं का प्रतिनिधि मंडल करेगा पूरे मामले की जांच





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नोएडा में जब मजदूरों का आक्रोश जब सड़कों पर आया तो पुलिस ने इन मजदूरों और ऑफिस कर्मचारियों पर जमकर लाठी भांजी। इस लाठीचार्ज में सैंकड़ों मजदूर घायल हो गये। गौरतलब है कि नोएडा में लगभग 300 निजी ईकाईयों के मजदूर औद्योगिक क्षेत्र में वेतन वृद्धि और काम के घंटे तय करने को लेकर धरने पर बैठ गये थे। इस कड़ी में ओवरटाईम भुगतान जैसी मांगों को लेकर विरोध था। विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों में काम करने वाले इन मजदूरों की ये शिकायत थी कि निजी कंपनियों द्वारा श्रमिक कानूनों का पालन नहीं किया जा रहा है। उनसे 8 घंटे की बजाय 12 घंटे काम लिया जा रहा है और ओवर टाईम का भुगतान नहीं किया जा रहा है। ये आक्रोश कब बढ़ा और किस तरह सड़कों पर आ गया, इसकी जानकारी सरकार को नहीं लगी। इसकी जानकारी प्रदेश की खूफिया एजेंसियों को नहीं लगी और जब वेतन वृद्धि और ओवर टाईम की मांग को लेकर ये मजदूर सड़कों पर आये तो पुलिस ने इन मजदूरों पर जमकर लाठीचार्ज किया। पुलिस और प्रशासन का ये तर्क कि अराजकता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उनका कहना था कि अगर कोई सड़कों पर उतरकर हिंसक प्रदर्शन करेगा तो कानून अपना काम करेगा।

इस पूरे मामले में समाजवादी पार्टी एक बार फिर विपक्ष वाले तेवरों के साथ आगे आ गई है। समाजवादी पार्टी ने यहां आगे बढ़कर इस मामले में रूचि ली है। मामले की जांच सरकारी एजेंसियां जब करेंगी तब करती रहेंगी। लेकिन यहां विपक्ष वाले तेवरों के साथ सपा यहां आई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने समाजवादी जांच की घोषणा कर दी है। उन्होंने समाजवादी पार्टी के 10 प्रमुख नेताओं का एक मंडल बनाया है। ये मंडल नोएडा में मजदूरों पर हुई कार्रवाई और धरना प्रदर्शन के दौरान लाठीचार्ज के पूरे मामले की जांच करेगा।

पार्टी ने इस पूरे प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए दस सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल बनाया है। ये दस सदस्य प्रतिनिधि मंडल 17 अप्रैल को गौतमबुद्ध नगर में आयेगा। यह प्रतिनिधि मंडल मौके पर पहुंचकर घटनाओं का आंकलन करेगा। मजदूरों से बात करेगा और इस बात का भी पता लगायेगा कि लाठीचार्ज कितना जरूरी था और कब से यह आक्रोश पनप रहा था। प्रतिनिधि मंडल इस बात का भी पता लगायेगा कि सरकार ने इन मजदूरों की मांगों के समाधान के लिए क्या कदम उठाये। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी मजदूरों की लड़ाई में उनके साथ है और समाजवादी प्रतिनिधि मंडल इस मामले में स्थानीय लोगों से भी बात करेगा और अधिकारियों से भी बात होगी। पुलिस ने जो कार्रवाई की है उसकी जांच की जायेगी। पूरे घटनाक्रम की तथ्यात्मक रिपोर्ट तैयारकरने के लिए 17 अप्रैल को समाजवादी पार्टी के नेता पहुंचेगें। उसके बाद ये रिपोर्ट तैयार कर समाजवादी पार्टी के प्रदेश नेतृत्व को पहुंचाई जायेगी।

### क्यों चली लाठी इसकी जांच करेंगे शाहिद मंजूर से लेकर राजकुमार भाटी



करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी ने अपने दस ऐसे नेताओं को नोएडा प्रकरण में जांच के लिए भेजा है जिन्हें संगठन से लेकर सरकार की समझ है। जो जानते हैं कि किस मौके पर प्रशासनिक तंत्र को पुलिस तंत्र को क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। समाजवादी पार्टी ने अपने दस नेताओं को नोएडा मामले की जांच सौंपी है। इन दस नेताओं में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय, पूर्व कैबिनेट मंत्री शाहिद मंजूर हैं। पूर्व मंत्री कमाल अख्तर हैं। समाजवादी पार्टी के प्रवक्ता राजकुमार भाटी हैं। इसके अलावा इस मंडल में जिलाध्यक्ष सुधीर भाटी, महानगर अध्यक्ष आश्रय गुप्ता, विधायक अतुल प्रधान, विधायक पंकज कुमार मलिक तथा पूर्व एमएलसी शशांक यादव के नाम हैं। इसके अलावा नोएडा से चुनाव लड़े सुनील चौधरी भी शामिल हैं। ये सभी नेता प्रतिनिधि मंडल के रूप में जायेंगे और जांच करेंगे।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 16 अप्रैल -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Umesh Rana · Follow
12h ·
प्रिय भांजे देव पुंडीर को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं..



# छूट के बाद दायरा बढ़ाने की तैयारी अब छूटे भवनों पर भी लगेगा हाउस टैक्स

### कार्ययोजना

**पार्षदों ने नगर आयुक्त के सामने रखी ठोस योजना, हाउस टैक्स में बड़ी राहत पर जताया आभार**



'भ्रम दूर करने और राजस्व बढ़ाने के लिए विशेष अभियान की मांग'

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम मुख्यालय में बुधवार को पार्षदों और नामित पार्षदों का प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त से मिला। इस दौरान उन्होंने शहरवासियों को हाउस टैक्स में दी गई छूट के लिए नगर निगम का आभार व्यक्त करते हुए पुष्प गुच्छ भेंट किया।

साथ ही भविष्य की कार्ययोजना और टैक्स व्यवस्था को और प्रभावी बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा भी की गई। पार्षदों ने बताया कि नगर निगम द्वारा 25%, 32.5% और 40% तक की छूट दिए जाने के साथ-साथ कचरा पृथक्करण अपनाने वाले नागरिकों को 10% अतिरिक्त छूट देना एक सराहनीय कदम है। इससे न केवल आम जनता को आर्थिक राहत मिली है, बल्कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस निर्णय से शहर के लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और कर भुगतान के प्रति सकारात्मक माहौल बनेगा। मुलाकात के दौरान पार्षद पूनम सिंह, नामित पार्षद सुमन, सुनील यादव, भागवत गुप्ता और प्रदीप ने नगर निगम के इस फैसले को जनहित में बड़ा कदम बताया। वहीं वार्ड संख्या 34 से मोहम्मद कल्लण और वार्ड संख्या 93 से आरिफ मलिक ने भी क्षेत्रीय निवासियों की ओर से नगर निगम प्रशासन का आभार जताया और कहा कि इस तरह की राहत से लोगों का भरोसा प्रशासन पर और मजबूत होता है।

### हाउस टैक्स को लेकर भी हुई चर्चा

करंट क्राइम : बैठक में एक अहम मुद्दा यह भी उठा कि हाउस टैक्स में दी गई छूट के बावजूद कुछ स्थानों पर लोगों में दरों और नियमों को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है। इस पर पार्षदों ने सुझाव दिया कि नगर निगम को व्यापक स्तर पर जनजागरूकता अभियान चलाना



चाहिए, जिसमें शिविर, सूचना पत्रक और डिजिटल माध्यमों के जरिए लोगों को स्पष्ट जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सही जानकारी मिलने से लोग स्वेच्छा से टैक्स जमा करेंगे और अनावश्यक विवाद भी खत्म होंगे। इसके साथ ही पार्षदों ने नगर आयुक्त के समक्ष एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखा कि नगर निगम सीमा में कई ऐसे भवन हैं, जो अब तक हाउस टैक्स के दायरे में नहीं आए हैं। यह न केवल राजस्व के लिए नुकसानदायक है, बल्कि कर प्रणाली में असमानता भी पैदा करता है। उन्होंने सुझाव दिया कि ऐसे भवनों की पहचान कर विशेष सर्वे अभियान चलाया जाए और कैंप लगाकर उन्हें हाउस टैक्स के दायरे में शामिल किया जाए।

### छूटे भवन आएंगे टैक्स के दायरे में

करंट क्राइम : नगर आयुक्त ने पार्षदों की बातों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य कर निर्धारण अधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे सभी भवनों को चिन्हित कर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई शुरू की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम जल्द ही विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए भवनों को टैक्स के दायरे में लाएगा, जिससे नगर निगम के राजस्व में वृद्धि होगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी। नगर आयुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशों के अनुरूप हाउस टैक्स की नई दरें लागू की जा रही हैं और उन्हें निगम के सॉफ्टवेयर सिस्टम में तेजी से अपडेट किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाया जाएगा, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में यह सहमति बनी कि एक ओर जहां जनता को राहत देने के कदम जारी रहेंगे, वहीं दूसरी ओर कर दायरे को बढ़ाकर नगर निगम की आय को भी सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि शहर के विकास कार्यों को और मजबूती मिल सके।

# नोएडा हिंसा : बुधवार को भी अलर्ट मोड पर रही गाजियाबाद पुलिस

## एडिशनल सीपी ने किया मुस्तैदी का निरीक्षण

### मुस्तैदी

**नोएडा बॉर्डर इलाकों पर एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव रहे मुस्तैद**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नोएडा में हुई हिंसा और लगातार दो दिन चले बवाल के बाद बुधवार को भी गाजियाबाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रही। सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने के लिए पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने मैदान में उतरकर हालात का जायजा लिया। एडिशनल सीपी राजकरन नैय्यर ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर पुलिस बल की मुस्तैदी का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात जवानों को सतर्क रहने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बॉर्डर इलाकों का भी निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति को परखा। वहीं एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने नोएडा से सटे बॉर्डर इलाकों पर पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे।

संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। उधर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने पहले ही सभी थाना प्रभारियों और एसीपी स्तर के अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए थे कि वे अपनी क्विक रिस्पॉन्स टीम को हर समय तैयार रखें। इसके साथ ही खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया था, जिससे हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं, लेकिन एहतियात के तौर पर सतर्कता बरती जा रही है, ताकि क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनी रहे।

# आज नगर निगम में अधिकारी समझाएंगे टैक्स का कैलकुलेशन मीडिया से करेंगे बात और बताएंगे टैक्स का नया सॉल्यूशन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर चल रही असमंजस की स्थिति अब खत्म होने की ओर है। गुरुवार को नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक मीडिया के साथ अहम बैठक करेंगे, जिसमें निगम अधिकारी टैक्स के नए कैलकुलेशन का पूरा फॉमूर्ला सार्वजनिक करेंगे। इस बैठक में यह स्पष्ट किया जाएगा कि शहरवासियों को अब कितना टैक्स देना होगा, किन नियमों का पालन करना होगा और किन मामलों में राहत मिलेगी। नगर निगम द्वारा पहले ही हाउस टैक्स में राहत देने की घोषणा की जा चुकी है। महापौर सुनीता दयाल, विधायक अजीत पाल त्यागी और नगर आयुक्त की संयुक्त पहल के बाद यह भरोसा दिलाया गया था कि लोगों पर अत्यधिक बढ़ा हुआ टैक्स नहीं डाला जाएगा। अब उसी घोषणा को अमलीजामा पहनाने के लिए नया कैलकुलेशन मॉडल तैयार किया गया है। उधर नगर निगम के सूत्रों के अनुसार, बैठक में अधिकारियों द्वारा यह भी बताया जाएगा कि नए फॉमूर्ले के तहत टैक्स की गणना कैसे होगी। किन श्रेणियों के भवनों को राहत मिलेगी। किन मामलों में टैक्स देना अनिवार्य होगा और किन भवनों को पहली बार टैक्स के दायरे में लाया जाएगा। गौरतलब है कि इस पूरे मामले पर पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी ने भी सवाल उठाए थे, खासकर राहत की घोषणा के बाद उसके क्रियान्वयन को लेकर। इसके बाद निगम अधिकारियों ने टैक्स सिस्टम को और पारदर्शी बनाने के लिए नया समाधान और कैलकुलेशन मॉडल तैयार किया है। जानकारी यह भी सामने आई है कि जिन भवनों पर अब तक टैक्स नहीं लग रहा था या जो किसी कारणवश छूट गए थे, उन्हें भी जल्द ही टैक्स दायरे में शामिल किया जाएगा। इससे निगम की आय बढ़ने के साथ-साथ टैक्स व्यवस्था में समानता लाने का प्रयास किया जा रहा है। अब सभी की निगाहें गुरुवार की इस अहम बैठक पर टिकी हैं, जहां यह तय होगा कि नगर निगम का नया हाउस टैक्स मॉडल जनता को कितनी राहत देता है और शहरवासियों के लिए यह कितना फायदेमंद साबित होता है।

# लोनी में विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने कलश यात्रा से दिखाई है अपनी जनाधार की पावर

## ऐसे ही नहीं माने जाते हैं लोनी विधायक सियासत में टीआरपी के टावर





**लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर को लोनी का क्रान्तिकारी विधायक कहा जाता है। ये माना जाता है कि ये विधानसभा ही क्रान्तिकारी है और यहां कभी शांति नहीं रहती। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर हैं और वो लगातार दूसरी बार विधायक हैं। लोनी विधायक बुधवार को कलश यात्रा से एक बड़ा संदेश देने में सफल रहे हैं।**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति संघर्षों का नाम है। राजनीति को कई बार विपक्ष में रहकर तेवर दिखाने पड़ते हैं और कई बार ऐसे हो जाता कि सरकार में रहकर भी तेवर दिखाने पड़ते हैं। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर को लोनी का क्रान्तिकारी विधायक कहा जाता है। ये माना जाता है कि ये विधानसभा ही क्रान्तिकारी है और यहां कभी शांति नहीं रहती। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर हैं और वो लगातार दूसरी बार विधायक हैं। लोनी विधायक बुधवार को कलश यात्रा से एक बड़ा संदेश देने में सफल रहे हैं। लोनी में रामपार्क में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में श्रीरामकथा का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन की शुरूआत महिलाओं की कलश यात्रा से हुई और यहीं से ही एक बड़ा संदेश लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर देने में सफल रहे। 31 हजार से अधिक महिलाएं कलश यात्रा में शामिल हुई। बड़ी संख्या में पुरूष यहां मौजूद थे और चारों तरफ रामभक्ति का माहौल था।

इस कलश यात्रा से ही वो पल भी ताजा हो गया जब पुलिस ने इस कलश यात्रा को रोकने का प्रयास किया था और लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर कई दिन तक फटा कुर्ता पहन कर घूमे थे। गौरतलब है कि उस समय लोनी विधायक ने तत्कालीन पुलिस आयुक्त अजय मिश्रा के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। उन्होंने लगातार पांच लैटर लिखे थे। अब अजय मिश्रा गाजियाबाद में तैनात नहीं है लेकिन बुधवार को जब लोनी में कलश यात्रा निकली तो यहां विधायक नन्द किशोर गुर्जर अपने नए आध्यात्मिक हिंदुत्व के फुल करंट तेवर के साथ नजर आये हैं। उन्होंने कथा जैसे आयोजन में इतनी भीड़ जुटाकर एक संदेश लोनी में दिया है। राजनीति से जुड़े लोग भीड़ का संदेश जानते हैं, समझते हैं। सीधी सी कैलकुलेश न ये भी है कि यहां विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने उस वर्ग को संदेश दिया है जो उन्हें रिप्लेस करने की कोशिश कर रहा है। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर एक बड़ी यात्रा के साथ एक बड़ा संदेश स्थापित कर गये हैं। कलश यात्रा में इतनी बड़ी संख्या में लोग जुटे। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर पुराने घटनाक्रम के बाद नई पुलिस को नया संदेश दे रहे हैं और अब इस कलश यात्रा के बाद उनकी टीआरपी बढ़ी है।

भाजपा में वैसे भी टीआरपी के टॉप पर लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर माने जाते हैं। वो अक्सर चर्चाओं में रहते हैं और कभी वो नवरात्र में विशेष पूजन के वीडियो में दिखते हैं तो कभी महाशिव रात्रि पर विशेष पूजन का वीडियो आता है।

इससे पहले शमशान घाट का हवन औ हल्दीघाटी की मिट्टी के किस्से लोनी में प्रचलित हैं। लेकिन राजनीति के मानक पर भीड़ विशेष विषय होता है और एक निजी आयोजन में एक बड़ी भीड़ जुटाकर विधायक नन्द किशोर गुर्जर संगठन तक ये संदेश पहुंचा चुके हैं कि लोनी में किसकी चलती है।

ये भीड़ आने वाले समय में लोनी सीट से दावेदारी करने वाले चेहरों के सामने भी चुनौती बनेगी। विधायक नन्द किशोर गुर्जर कलश यात्रा के बहाने ही ये संदेश देने में सफल रहे हैं कि वो लोनी की सियासत के किंग हैं।

### छात्र जीवन से ही रहे हैं उनके आंदोलनकारी तेवर

करंट क्राइम। राजनीति में ये कहा जाता है कि हर नेता आंदोलन की उपज होता है। विधायक नन्द किशोर गुर्जर भी आंदोलन की उपज हैं लेकिन एक लंबा सफर उन्होंने विधायक तक आने में तय किया है। वो शंभुदयाल डिग्री कॉलेज से छात्र संघ का चुनाव जीते। एक बड़ा छात्र आंदोलन उनके नेतृत्व में हुआ था। इस आंदोलन की सफलता ये है कि विद्यावती कॉलेज की छात्राएं भी इस आंदोलन में शामिल हुई। नन्द किशोर गुर्जर ने छात्र संघ अध्यक्ष के रूप में संघर्ष भी किया और पुलिस की लाठियां भी खाई। जुझारू तेवर शुरू से हैं और सत्ता में रहे हुए भी वो कई बार मोर्चा खोल देते हैं। लोनी में कथा आयोजन से वो एक लंबी लाईन खीचने में सफल रहे हैं। ये लाईन में राजनीति में उन्हें कितने माईलेज देगी ये देखने की बात है।

# साइकिल और फूल वालों ने पहन तो लिये अपने गलों में नीले पटके मगर कहां जायेगा विधानसभा 2027 में वोट हाथी से कटके





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रंगों की एक दास्तान राजनीति में हमेशा से रही है। रंगों की राजनीति का ये आलम है कि अब रंगों पर सियासी दल अपना दावा करने लगे हैं। अगर नेता जी के कुर्ते का कलर भगवा है तो फिर ये कहने की जरूरत नहीं है कि नेता जी भाजपा से हैं। हालांकि भाजपा ने ऐसा कोई कलर कोड तय नहीं किया है लेकिन एक अनकहा कोड उत्तर प्रदेश की भाजपा सियासत में 2017 के बाद से आया है। मुख्यमंत्री की गद्दी पर जब योगी आदित्यनाथ बैठे तो गाजियाबाद की अनाजमंडी का रंग भगवा हो गया। नेताओं के पटके का रंग भगवा होगा और धीरे धीरे ये एक मापदंड के रूप में स्थापित हो गया। इसी तरह बसपा का रंग भी नीला माना जाता है। ये अलग बात है कि उसकी राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने कभी इस रंग को अपने परिधान में प्राथमिकता नहीं दी है। लेकिन नीला झंडा और हाथी का निशान ही दलित वोट की पहचान बना। ये वोट अपनी सरकार लेकर आया। मगर बसपा ने अपनी रणनीति बदली। शुरूआती दौर में बसपा तिलक तराजू और तलवार के साथ आई थी। लेकिन उसे अगले कार्यकाल में सोशल इंजीनियरिंग पर आना पड़ा। भाईचारा कमेटी का गठन करना पड़ा और हाथी नहीं गणेश है, ब्रह्मा-विष्णु-महेश है का नारा देना पड़ा। नीले हाथी की सवारी करने के लिए सोशल इंजीनियरिंग में सतीश मिश्रा आ गये, बृजेश पाठक आ गये और फिर सरकार बनी। फिलहाल नीला हाथी 15 साल के लिए सियासी वनवास पर है। वो 2012 से बाहर है और फिलहाल सिर्फ एक विधायक बसपा का है और बताते हैं कि उनका भी स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा है। नीला रंग दलित सियासत का प्रतीक बना और इसकी शुरूआत तो डॉली शर्मा के चुनाव में हो गई है। ऐसे कई फोटो है जिसमें उन्होंने जय भीम वाले नीले पोस्टर के साथ शुरूआत की और उनके गले में नीला पटका आ गया। सियासत की बात करें तो रंगों का ये मौसम 14अप्रैल 2026 को आ गया। दैनिक करंट क्राइम ने इस विषय को प्रमुखता से उठाया और बताया कि भाजपा के महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने नीला पटका पहन लिया। विधायक संजीव शर्मा ने नीला पटका पहन लिया और पूर्व मेयर अशु वर्मा भी नीला पटके पहने दिखाई दिये। समाजवादी पार्टी भी नीले पटके के साथ आगे आये। उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नीला पटका पहना तो एक झटके में हजारों समाजवादियों के गले में नीला पटका आ गया। रंगों की सियासत ने तूल पकड़ लिया और बहुजन समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी इस बात पर गरजी। उन्होंने रंग बदलने को लेकर सवाल उठाये और नीला पटका पहनने पर कटाक्ष किया। पटके के रंग की राजनीति शुरू हो गई है और अब सवाल ये है कि भले ही नीला हाथी हाशिये पर है और भाजपाईयों से लेकर समाजवादियों के गले में नीले पटके हैं। ऐसे में अब ये सवाल है कि भाजपा और सपा के नेताओं ने नीले पटके पहन तो लिये लेकिन वो नीले वोट बैंक का माईलेज कहां लेंगे। यहां पर एक सत्य ये भी है कि नीला वोट अब हाथी से कट चुका है। अगर ये वोट बैंक हाथी के साथ होता तो उसकी सियासी ताकत विधानसभा से लेकर लोकसभा तक जीरो नहीं होती। दलित राजनीति की बात करें तो बसपा के बाद दूसरी पार्टी कही जाने वाली आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्र शेखर ही केवल नगीना सीट से चुनाव जीते हैं। ऐसे में ये सवाल फिर खड़ा हो रहा है कि जब एक साल बाद चुनाव आयेगा तो ये नीला वोट बसपा से हटकर किसके खाते में जायेगा। क्या भाजपा को नीले पटके पहनना रास आयेगा। क्या वो इस वर्ग का वोट बैंक ले पायेगी या फिर यूजीसी के इफैक्ट दिखेंगे। समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव के हिस्से में क्या ये वोटबैंक ट्रांसफर होगा। क्या मायावती की अपील ब्लू कलर की सियासी माईग्रेशन को रोक पायेगी। पटके पहन तो लिये हैं लेकिन सियासत के खटके अभी खत्म नहीं हुए हैं।

## संपादकीय

# होर्मुज नाकेबंदी से संकट

राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश पर अमरीकी नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य मार्ग की नाकेबंदी शुरू कर दी है। ईरान की बंदरगाहों पर पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। जो जहाज ईरान को टोल देकर गुजरते रहे हैं, अमरीका उन पर भी नाकेबंदी करेगा। उन जहाजों को भी रोका जाएगा और जांच होगी। युद्ध का नया आयाम खुल गया है। क्या अब ईरान के प्रतिरोध पर समुद्री युद्ध का आगाज हो सकता है? चूंकि ईरान 90 फीसदी कच्चा तेल चीन को निर्यात करता रहा है, लिहाजा चीन की चेतावनी सामने आई है कि ईरान के साथ उसका समझौता है, लिहाजा उसमें हस्तक्षेप न करें। इस मुद्दे पर चीन के साथ रूस भी है। क्या अब चीन-रूस बनाम अमरीका का नया टकराव सामने आ सकता है? हम स्पष्ट कर दें कि विश्व युद्ध के कोई आसार नहीं हैं, जो सनसनी कुछ टीवी चैनल फैला रहे हैं। बहरहाल अमरीका और ईरान नाकेबंदी के जरिए जो कुछ कर रहे हैं, वह निश्चित रूप से ह्याआर्थिक आतंकवाद है। यदि एशिया महाद्वीप की ही बात करें, भारत-चीन-जापान जिसका हिस्सा हैं, उसकी करीब 389 करोड़ आबादी तेल-गैस और अन्य सामान से वंचित है। तेल रुकने से 59 फीसदी वैश्विक महंगाई बढ़ गई है। होर्मुज से 3 अरब बैरल तेल औसतन हररोज गुजरता था। खाने-पीने की चीजें, उर्वरक आदि के गंभीर संकट पैदा होते जा रहे हैं। भारत भी 35-40 फीसदी कच्चा तेल होर्मुज के रास्ते ही आयात करता था। भारत सरकार के पास मात्र 9.5 दिन के तेल का रणनीतिक भंडार है, शेष 64.5 दिनों के भंडारण तेल कंपनियों के पास हैं। भारत की आबादी के मद्देनजर यह तेल ऊंट के मुंह में जीरे समान है। ईरान युद्ध और अब होर्मुज की नाकेबंदी के प्रत्यक्ष प्रभाव भारतीय उद्योग पर भी दिखने लगे हैं। मसलन-राजस्थान के मेंहदी कारोबार का 300 करोड़ रुपए का सामान ठप पड़ा है। उसका सामान खाड़ी देशों को जाता था। वे सभी युद्ध से त्रस्त और ध्वस्त हैं। इसके अलावा, कांच की चूड़ियों का कारोबार, सिरेमिक टाइल्स, प्लास्टिक के उद्योग और खाद की कमी से खेती आदि पर घोर संकट है। सरकार कुछ भी दावे करे या सहानुभूति व्यक्त करे, लेकिन देश में 22 अरब रुपए का नुकसान हो चुका है। करीब 5.5 लाख रेस्तरां, छोटे होटल या तो बंद हो चुके हैं अथवा तालाबंदी के कगार पर हैं। श्रमिक पलायन कर अपने गांव लौट रहे हैं अथवा नोएडा, हरियाणा की कुछ कंपनियों के बाहर हिंसक प्रदर्शन कर रहे हैं। वाहन भी फूंक दिए गए। इस आर्थिक आपातकाल में कंपनियां भी मजदूरों को पर्याप्त मेहनताना कैसे दें, क्योंकि उनके उत्पाद भी बेकार पड़े हैं। निर्यात संभव नहीं हैं। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपए का सालाना निर्यात करता है। यह कोई सामान्य राशि नहीं है। भारत ने एक बार फिर रूस से 19.75 लाख बैरल कच्चा तेल खरीदा है। यह 2025 जितना ही है। हालांकि अमरीका की घुड़की और टैरिफ के भय के कारण भारत ने यह खरीद 6 लाख बैरल तक घटा दी थी। इसी तरह 2019 से ईरान से तेल लेना भी बंद कर दिया था।

# शेयर बाजार में जबरदस्त उछाल
## सेंसेक्स-निफ्टी ने बनाई मजबूत बढ़त

**सेंसेक्स 1,263 अंक चढ़ा निफ्टी 24,231 के पार**

**बाजार पूंजीकरण में 9 लाख करोड़ की बढ़ोतरी**



**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को हरे निशान पर क्लोजिंग हुई। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 लगभग 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 पर पहुंचने में सफल रहा।

घरेलू शेयर बाजार में बुधवार को पूरे सत्र के दौरान हरियाली दिखी। आखिरकार सेंसेक्स 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 लगभग 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 पर पहुंचने में सफल रहा।

इस तेज उछाल से बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि हुई, जिससे यह बढ़कर लगभग 458 लाख करोड़ रुपये हो गया।

इंडिगो, जोमैटो की मूल कंपनी एटर्नल, पावर ग्रिड, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), टेक महिंद्रा, एल एंड टी, एशियन पेंट्स और अदानी पोर्ट्स के शेयरों में 3-4% की तेजी आई और ये सेंसेक्स के शीर्ष लाभ कमाने वाले शेयर रहे। भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ही ऐसे शेयर थे जिनके शेयरों में मामूली गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार में यह बढ़त ऐसे समय पर आई है, जब बाजार में अस्थिरता मापने वाला इंडिया वीआईएक्स 8% से अधिक गिरकर 18.76 पर आ गया।

भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक ही ऐसे शेयर थे जिनके शेयरों में मामूली गिरावट दर्ज की गई। शेयर बाजार में यह बढ़त ऐसे समय पर आई है, जब बाजार में अस्थिरता मापने वाला इंडिया वीआईएक्स 8% से अधिक गिरकर 18.76 पर आ गया।

# छोटे भुगतान से डिजिटल अर्थव्यवस्था को मिली रफ्तार
## 2025 में 228 अरब से ज्यादा यूपीआई लेनदेन, रिकॉर्ड उछाल



**नई दिल्ली।** भारत में छोटे लेनदेन के लिए यूपीआई का चलन तेजी से बढ़ा है। इंडिया डिजिटल पेमेंट्स 2025 रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई के जरिये 2025 में 228.5 अरब लेनदेन दर्ज किए। कुल लेनदेन मूल्य बढ़कर 299.74 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस बीच, औसत लेनदेन आकार लगातार घट रहा है, जो इस बात का संकेत है कि अब छोटी खरीदारी में भी यूपीआई का चलन बढ़ रहा है। व्यापारिक लेनदेन में यूपीआई की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। व्यक्ति-से-व्यापारी (पीटूएम) भुगतान 34 फीसदी बढ़कर 143.82 अरब हो गया।

यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या बढ़कर 73 करोड़ से अधिक हो गई है, जबकि पॉइंट-ऑफ-सेल टर्मिनल की संख्या 1.14 करोड़ से अधिक पहुंच गई है। जहां यूपीआई छोटे भुगतान में अग्रणी बना हुआ है, वहीं क्रेडिट कार्ड का उपयोग बड़े लेनदेन में बढ़ रहा है। 2025 में क्रेडिट कार्ड लेनदेन 27 फीसदी बढ़कर 5.69 अरब हो गया, जबकि डेबिट कार्ड के उपयोग में 23 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई।

### भारत बनेगा दूसरा बड़ा सौर ऊर्जा बाजार

भारत 2026 तक दूसरा बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनने की राह पर है। भारत ने मात्र 14 महीनों में 50 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता जोड़कर अब तक की सबसे तेज वृद्धि हासिल की है। देश का सौर ऊर्जा उत्पादन 150 गीगावाट तक पहुंच गया है। पहले 50 गीगावाट तक पहुंचने में 11 साल लगे थे।

### आज से भुना सकेंगे सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड

आरबीआई ने सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड 2019-20 सीरीज-पांच के लिए समयपूर्व मोचन (प्रीमैच्योर रिडेम्पशन) कार्यक्रम घोषित कर दिया है। निवेशक 15 अप्रैल 2026 को अपने बॉन्ड समय से पहले भुना सकेंगे। इसे 15 अक्तूबर 2019 को जारी किया गया था।

### पेटीएम के स्वामित्व ढांचे में हुआ बदलाव

पेटीएम की मूल कंपनी वन97 कम्युनिकेशन्स में घरेलू निवेशकों की हिस्सेदारी बढ़कर 50.3 फीसदी हो गई। इसके साथ ही यह बहुलांश भारतीय स्वामित्व एवं नियंत्रण वाली कंपनी बन गई। इसमें म्यूचुअल फंड कंपनियों की बड़ी भूमिका रही।

# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता तेज
## टैरिफ विवाद के बीच अहम बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की बातचीत एक बार फिर से रफ्तार पकड़ने जा रही है। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और द्विपक्षीय वाताओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल आगामी 20 से 22 अप्रैल 2026 तक अमेरिका का दौरा करेगा। हाल ही में अमेरिका द्वारा लगाए गए नए आयात शुल्क (टैरिफ) और व्यापारिक जांच से जुड़े घटनाक्रमों के बीच इस आगामी बैठक को व्यापार जगत के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



**नए अमेरिकी टैरिफ और व्यापारिक चुनौतियां :** इन सकारात्मक व्यापारिक कदमों के बीच, अमेरिकी सरकार के कुछ नए फैसलों ने नई चुनौतियां भी खड़ी की हैं। 24 फरवरी 2026 से अमेरिकी सरकार ने 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत एक कार्यकारी आदेश लागू किया है। इस आदेश के माध्यम से अमेरिका ने सभी देशों से आने वाले कुछ चुनिंदा उत्पादों पर 10 प्रतिशत का नया टैरिफ लगा दिया है। इसके साथ ही, अमेरिका ने व्यापार अधिनियम 1974 की धारा 301 के तहत दो नई वैश्विक जांच भी शुरू कर दी हैं, जिनका सीधा प्रभाव भारतीय निर्यात पर भी पड़ सकता है:

**अतिरिक्त क्षमता:** अमेरिका द्वारा शुरू की गई पहली जांच 'अतिरिक्त क्षमता' को लेकर है, जिसके दायरे में भारत सहित दुनिया की 16 अर्थव्यवस्थाएं शामिल की गई हैं।

**जबरन श्रम:** दूसरी जांच 'जबरन श्रम' के संवेदनशील मुद्दे पर केंद्रित है, और इस जांच में भारत समेत 60 अर्थव्यवस्थाओं को शामिल किया गया है।

### अंतरिम समझौते और टैरिफ में मिली छूट

इस साल की शुरूआत में दोनों देशों के बीच व्यापारिक मोर्चे पर कई बड़े फैसले देखने को मिले हैं। 2 फरवरी 2026 को भारत और अमेरिका के बीच एक अंतरिम व्यापार समझौते की आधिकारिक घोषणा की गई थी। इसके कुछ ही दिनों बाद, 7 फरवरी 2026 को दोनों देशों ने इस विषय पर एक संयुक्त बयान भी जारी किया था। इस दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए, अमेरिका ने 7 फरवरी को 25 प्रतिशत के अतिरिक्त यथामूल्य टैरिफ को हटा लिया था, जो कि भारतीय व्यापार के लिए एक बड़ी राहत थी। इसके अतिरिक्त, 20 फरवरी 2026 को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के एक अहम फैसले ने पारस्परिक टैरिफ को पूरी तरह से अमान्य कर दिया। हालांकि, इस फैसले के तहत धारा 232 वाले टैरिफ और इससे जुड़ी छूट पहले की तरह ही जारी रहेंगी।

# भारत का निर्यात 860 अरब डॉलर
## मिडिल ईस्ट संकट से व्यापार पर असर

**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात 4.22 प्रतिशत बढ़कर 860 अरब डॉलर के शानदार स्तर पर पहुंच गया है, लेकिन पश्चिम एशिया संकट के कारण मार्च महीने में देश के व्यापार को तगड़ा झटका लगा है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा जारी व्यापारिक आंकड़ों के अनुसार, मध्य पूर्व में संघर्ष के चलते मार्च में कुल निर्यात 7.44 प्रतिशत तक गिर गया है। इन वैश्विक चुनौतियों और उतार-चढ़ाव के बीच एक राहत भरी खबर यह है कि भारत और ब्रिटेन के बीच बहुप्रतीक्षित मुक्त व्यापार समझौता (ऋळअ) मई महीने में लागू होने की उम्मीद है।



**मार्च महीने में दिखा पश्चिम एशिया संघर्ष का असर :** हालांकि सालाना आंकड़े बेहतर हैं, लेकिन हाल ही में पश्चिम एशिया में शुरू हुए संकट ने व्यापार को सीधे तौर पर प्रभावित किया है। इस भू-राजनीतिक तनाव के चलते मार्च महीने में भारत का कुल निर्यात 7.44 प्रतिशत घटकर 38.92 अरब डॉलर रह गया।

### निर्यात और आयात के मोर्चे पर भारत का प्रदर्शन

वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत का व्यापारिक प्रदर्शन कुल मिलाकर सकारात्मक रहा है। देश का कुल निर्यात (वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर) 4.22 प्रतिशत बढ़कर 860 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। अगर इसे अलग-अलग देखा जाए, तो वस्तुओं का निर्यात 1 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 441.78 अरब डॉलर रहा, जबकि सेवाओं का निर्यात लगभग 418.31 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। निर्यात के साथ-साथ आयात में भी इजाफा हुआ है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, साल 2025-26 के दौरान कुल आयात 774.98 अरब डॉलर पर

# पांचवें महीने बढ़ी थोक महंगाई, तेल-ईंधन ने बढ़ाया दबाव

**नई दिल्ली।** थोक महंगाई मार्च में बढ़कर 3.88% हो गई, जो लगातार पांचवां महीना है जब इसमें बढ़ोतरी दर्ज हुई। इसकी मुख्य वजह कच्चे तेल, ईंधन, बिजली और मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की कीमतों में तेज उछाल है, जिस पर पश्चिम एशिया संकट का असर पड़ा। देश में थोक महंगाई लगातार पांचवें महीने बढ़ते हुए मार्च 2026 में 3.88 फीसदी पर पहुंच गई। यह फरवरी के 2.13 फीसदी और पिछले साल मार्च के 2.25 फीसदी से काफी ज्यादा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, इस तेजी के पीछे मुख्य वजह ईंधन, बिजली और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कीमतों का तेज उछाल है। उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि मार्च में महंगाई बढ़ने की प्रमुख वजह कच्चे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, बेसिक मेटल्स, नॉन-फूड आर्टिकल्स और अन्य मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों की कीमतों में वृद्धि रही।



### ईंधन और कच्चे तेल में बड़ा उछाल

आंकड़ों के अनुसार, ईंधन और बिजली श्रेणी में महंगाई फरवरी के -3.78 फीसदी (गिरावट) से बढ़कर मार्च में 1.05 फीसदी हो गई। खासतौर पर कच्चे तेल (क्रूड पेट्रोलियम) में महंगाई 51.57 फीसदी तक पहुंच गई, जो फरवरी में -1.29 फीसदी थी।

### मैन्युफैक्चरिंग महंगी, लेकिन खाने-पीने की रफ्तार धीमी

एक तरफ जहां थोक स्तर पर कई चीजें महंगी हुई हैं, वहीं खाने-पीने के मामले में थोड़ी राहत देखने को मिली है। खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की रफ्तार फरवरी के 2.19 प्रतिशत से घटकर मार्च में 1.90 प्रतिशत पर आ गई। सब्जियों की महंगाई दर भी घटी है, जो फरवरी में 4.73 प्रतिशत थी और मार्च में घटकर 1.45 प्रतिशत रह गई। हालांकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति में मामूली बढ़ोतरी हुई है। यह मार्च में बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई, जबकि पिछले महीने यह 3.21 प्रतिशत थी। यह वृद्धि मुख्य रूप से कुछ चुनिंदा खाद्य पदार्थों के दाम बढ़ने की वजह से हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ब्याज दरें तय करने के लिए इसी खुदरा महंगाई पर नजर रखता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- जो लोग इंटरनेट पर बहुत अधिक समय बिताते हैं वे एक उदास, अकेला और मानसिक रूप से अस्थिर होने की संभावना रखते हैं, एक अध्ययन में पाया गया है।
- आइसलैंड बहुत dipressed है : इसमें दुनिया की सबसे अधिक एंटीडिपेसेंट उपयोग की दर है।
- मध्यम व्यायाम केवल इलाज नहीं कर सकता लेकिन वास्तव में लंबे समय तक अवसाद के एपिसोड को रोकने में मदद करता है।
- सीखा असहायता एक ऐसी स्थिति है जिसमें एक व्यक्ति शक्तिहीनता की भावना से ग्रस्त है, जो एक दर्दनाक घटना से उत्पन्न होता है या सफल होने में लगातार विफलता होती है। यह अवसाद के अंतर्निहित कारणों में से एक माना जाता है।
- पिताजी में प्रसवोत्तर अवसाद बहुत वास्तविक है : लगभग 10% पुरुष एक बच्चे के जन्म के बाद अवसाद के लक्षणों की रिपोर्ट करते हैं।
- यह सांप विषेले सांप नहीं हैं बल्कि यह अपने शिकार पर लिपटकर उसे पूरी तरह जकड़ लेता है और जब तक शिकार जकड़ से मर ना जाए वह उसे पकड़े रहता है।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। बिजनेस में उत्तम सफलता के योग बनेंगे और मन लगाकर काम करेंगे। काम में अच्छे नतीजे देने वाला होगा।

**वृष:** आज भाग्य का आपको पूरा-पूरा साथ मिलेगा। ऑफिस में अपनी प्रगति के बारे में विचार करेंगे। आगे बढ़ने के लिए आप कुछ नया सीखेंगे।

**मिथुन:** जल्दबाजी में कोई काम न करें। पैसों की स्थिति की चिंता करनी होगी। फालतू खर्चा हो सकता है। नौकरी-बिजनेस में किसी बात को लेकर उलझनें बढ़ेगी।

**कर्क:** आज आप अपने घर परिवार को अच्छा समय देंगे। घरेलू खर्च पर भी आपका ध्यान रहेगा। कुछ चैलेंज सामने आएंगे, जिनका आप अच्छे से सामना करेंगे।

**सिंह:** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। सोचे हुए काम को पूरा करने में थोड़ा टाइम लग सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी।

**कन्या:** कारोबार बढ़ेगा निचले स्तर के कर्मचारियों से सहयोग मिलेगा। मुलाकात खास लोगों से हो सकती है। आपकी ज्यादातर परेशानियां खत्म होने के योग हैं।

**तुला:** आज का दिन मान सामान्य रहने वाला है। आप हर काम को अच्छे तरीके से करने की कोशिश करेंगे और आप का मन भी लगेगा।

**वृश्चिक:** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। ऑफिस के किसी सहकर्मी से मदद मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में तरक्की होनी तय है।

**धनु:** रोजमर्रा के काम पूरे होने के योग हैं। आपके काम बनते चले जाएंगे। सोच-समझकर फैसले लेने से ही फायदा हो सकता है।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायक रहेगा। सेहत के प्रति जो लापरवाही बढ़ती है, आज उसकी वजह से आपको कुछ परेशानी हो सकती है।

**कुंभ:** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस में नये प्रयोग करने में आप सफल होंगे। आप जो भी काम करनें की सोचेंगे, उसमें सफलता मिलेगी।

**मीन:** बिजनेस न बढ़ाएं तो ही अच्छा है। जो जैसा चल रहा है चलने दें। महंगी चीजों की खरीदारी हो सकती है। कोई नया और बड़ा डिसीजन न लें तो ही अच्छा रहेगा।

## चुटकुले

दोस्त : भाई तू इतना खुश क्यों है?
लड़का : आज लड़की ने हाँ बोल दिया!
दोस्त : शादी के लिए?
लड़का : नहीं रास्ता देने के लिए

---

मम्मी : बेटा फोन छोड़ और पढ़ाई कर
बेटा : मम्मी 1 मिनट
मम्मी : ये 1 मिनट कब खत्म होगा?
बेटा : जब वाई फाई बंद होगा

---

टीचर : इतना लेट क्यों आए?
स्टूडेंट : सर, सपने में स्कूल जा रहा था
टीचर : तो?
स्टूडेंट : रास्ते में ट्रैफिक जाम था

---

लड़की : तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
लड़का : जितना तुम सोच भी नहीं सकती
लड़की : मतलब?
लड़का : मतलब मैं खुद भी नहीं जानता

---

डॉक्टर : आपको क्या परेशानी है?
मरीज : मुझे नींद नहीं आती
डॉक्टर : मोबाइल कम चलाओ
मरीज : डॉक्टर साहब, वही तो नींद भगाता है

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 16 04 2026 करंट क्राइम

**सेलेब्रिटी जन्मदिन**

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
# आज के जन्मदिन



लारा दत्ता (अभिनेत्री)



शालिनी गुप्ता (अधिशासी अधिकारी) | सुमन सिंह | डा. निहारिका रश्मि | तरूण भारद्वाज | विजय भटनागर



समीर वारसी | अवनिन्द्र चतुर्वेदी | संजय गुप्ता | सलमान सैफी | अमित बंसल | अजय वर्मा



अमित शर्मा | शिवम | देवेन्द्र वर्मा | अमित शर्मा | मतीन खान | कमलेश पांडे



उमाकांत भारती | बंटी कुमार | गोरव सागर | मो. युनुस कुरैसी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com





# आईपीएल के चलते-फिरते पांच सितारा होटल

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 में टीम बसें साधारण वाहन नहीं बल्कि चलते-फिरते फाइव-स्टार होटल हैं। एक बस की कीमत 70 लाख से 1.5 करोड़ रुपये तक होती है, जिसमें लग्जरी सुविधाएं, हाई-टेक सिस्टम और कड़ी सुरक्षा शामिल होती है। ये बसें अब टीम के ट्रांसपोर्ट के साथ-साथ ब्रांडिंग और टीम बॉन्डिंग का भी अहम हिस्सा बन चुकी हैं।

आईपीएल 2026 में अगर आप सोचते हैं कि टीम बस सिर्फ खिलाड़ियों को होटल से स्टेडियम तक ले जाने का जरिया होती है, तो आप गलत हैं। ये बसें असल में चलते-फिरते फाइव स्टार होटल हैं, जिन्हें खास तौर पर खिलाड़ियों की सुविधा, आराम और सुरक्षा को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाता है। इन बसों में खिलाड़ियों को वही सुविधाएं मिलती हैं, जो किसी लग्जरी लाउंज या प्राइवेट स्पेस में मिलती हैं।

**कितनी होती है आईपीएल टीम बस की कीमत:** आईपीएल टीम बस की कीमत साधारण बसों से कई गुना ज्यादा होती है। एक फ्रेंचाइजी अपनी जरूरत, कस्टमाइजेशन, ब्रांडिंग और टेक्नोलॉजी के आधार पर एक बस पर





लगभग 70 लाख से 1.5 करोड़ रुपये तक खर्च करती है। यानी औसतन देखा जाए तो एक बस की कीमत करीब एक करोड़ रुपये के आसपास होती है। जितना ज्यादा लग्जरी और हाई-टेक फीचर्स, उतनी ही ज्यादा इसकी कीमत बढ़ती जाती है।

**ब्रांडिंग भी बढ़ाती है कीमत**

आईपीएल में हर चीज ब्रांडिंग से जुड़ी होती है और टीम बस भी इसका अहम हिस्सा है। हर बस को टीम के रंग, स्पॉन्सर लोगो और खिलाड़ियों की तस्वीरों से सजाया जाता है। इससे यह सिर्फ ट्रांसपोर्ट नहीं रहती, बल्कि पूरे सीजन के दौरान फ्रेंचाइजी की चलती-फिरती पहचान बन जाती है।

**मैच के दिन सुरक्षा का खास इंतजाम:** इन बसों की कीमत ज्यादा होने का एक बड़ा कारण सुरक्षा भी है। मैच के दिन टीम बसें कड़ी सुरक्षा के बीच चलती हैं और कई बार पुलिस एस्कॉर्ट भी साथ होता है। रूट पहले से प्लान किए जाते हैं ताकि ट्रैफिक या देरी की समस्या न हो और टीम समय पर स्टेडियम पहुंचे।

### बस के अंदर मिलती हैं ये शानदार सुविधाएं

अगर आप आईपीएल टीम बस के अंदर जाएं, तो यह किसी लग्जरी लाउंज से कम नहीं लगेगी। खिलाड़ियों के लिए इसमें चौड़ी और रिक्लाइनिंग सीट्स, एक्स्ट्रा लेगरूम, पर्सनल चार्जिंग पोर्ट और कभी-कभी मसाज फंक्शन वाली सीट्स मिलती हैं। इसके अलावा बस में हाई-स्पीड वाई-फाई, एलईडी स्क्रीन और प्रीमियम साउंड सिस्टम भी लगी होती हैं। कई टीम बसों में मिनी फ्रिज भी होते हैं, जिनमें ड्रिंक्स रखे जाते हैं। साथ ही एम्बिएंट लाइटिंग और क्लाइमेट कंट्रोल सिस्टम खिलाड़ियों को हर मौसम में आरामदायक माहौल देता है।

### एक नहीं, कई बसों का इस्तेमाल

अक्सर फ्रेंचाइजी एक से ज्यादा बसों का इस्तेमाल करती हैं। एक बस खिलाड़ियों के लिए और दूसरी सपोर्ट स्टाफ के लिए। इसके अलावा तीसरी बस भी होती है, जो उपकरणों (इक्विपमेंट) के लिए होती है। इससे टीम का मूवमेंट बेहतर और व्यवस्थित रहता है। समय के साथ आईपीएल बसें सिर्फ ट्रांसपोर्ट का साधन नहीं रहीं, बल्कि ड्रेसिंग रूम का एक्सटेंशन बन गई हैं। खिलाड़ी इन बसों में मैच रणनीति पर चर्चा करते हैं, म्यूजिक सुनते हैं और एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं। तेज रफ्तार वाले आईपीएल सीजन में ये छोटे-छोटे सफर भी टीम बॉन्डिंग के लिए बेहद अहम हो जाते हैं।

# बिना खेले चला धोनी मैजिक! नूर अहमद से की थी लंबी बातचीत

## अफगानी स्पिनर ने फिर KKR के खिलाफ किया कमाल

**चेन्नई।** आईपीएल 2026 में एमएस धोनी का मैजिक मैदान पर उतरे बिना भी देखने को मिला, जब उन्होंने मैच से पहले नूर अहमद से लंबी बातचीत की। इसके बाद अफगानी स्पिनर ने केकेआर के खिलाफ शानदार गेंदबाजी करते हुए मैच का रुख पलट दिया। सीएसके की जीत में नूर अहमद की अहम भूमिका रही, जिससे यह साबित हुआ कि धोनी का अनुभव और मार्गदर्शन आज भी टीम के लिए गेम-चेंजर है।

महेंद्र सिंह धोनी भले ही चोटिल होने के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र में अभी तक नहीं खेल पाए हैं, लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के प्रदर्शन में उनका प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है जिसकी एक बानगी स्पिनर नूर अहमद के कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन में देखने को मिली।

अफगानिस्तान के बाएं हाथ की कलाई के स्पिनर नूर इस मैच से पहले



तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और उन्होंने चार मैचों में केवल एक विकेट लिया था। लेकिन नेट पर अभ्यास के दौरान धोनी से लंबी बातचीत के बाद उनके खेल में बदलाव देखने को मिला। उन्होंने केकेआर के खिलाफ चार ओवरों में 21 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने बीच के ओवरों में अजिंक्य रहाणे, रिंकू सिंह और कैमरन ग्रीन के विकेट लेकर सीएसके की 32 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।

पिच से गेंदबाजों को ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी, लेकिन नूर बल्लेबाजों पर हावी होने में कामयाब रहे। सीएसके के सहायक कोच श्रीधरन श्रीराम ने नूर की मैच से पहले धोनी के साथ हुई बातचीत के बारे में बात की। धोनी पिंडली की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नहीं खेल पा रहे हैं।

श्रीराम ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, 'विकेट से थोड़ी मदद मिल रही थी। केकेआर के खिलाफ उनकी गेंद की गति हवा में थोड़ी धीमी थी। गेंद पर साइड स्पिन ज्यादा थी और ड्रॉप भी ज्यादा था। इस पर वह काम कर रहे हैं। धोनी ने अभ्यास सत्र के दौरान उनसे काफी देर तक बात की और उन्हें लेग अधिक ब्रेक करने के लिए प्रेरित किया। मुझे लगता है कि उससे मदद मिली और इसके परिणाम सबके सामने हैं।'

श्रीराम ने वेस्टइंडीज के स्पिनर अकील हुसैन और नूर के संयोजन पर भी बात की। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि वे एक-दूसरे के पूरक हैं। वे दोनों आपस में बहुत अच्छे से संवाद भी करते हैं। उनके बीच आपस में अच्छी समझ है। अकील ने ही नूर को सही लेंथ बताई। एक बार नूर को जब सही लेंथ मिल गई, तो उन्हें खेलना लगभग असंभव हो गया।'

# 18 साल में पहली बार हुआ ऐसा! केकेआर के नाम जुड़ा अनचाहा रिकॉर्ड

## CSK इस सीजन ऐसा करने वाली पहली टीम बनी

**चेन्नई।** सीएसके बनाम केकेआर मुकाबले के आंकड़े बताते हैं कि चेन्नई का कोलकाता पर हमेशा दबदबा रहा है, खासकर चेपॉक में। वहीं केकेआर इस समय लगातार हार के दौर से गुजर रही है, जिससे उनकी स्थिति और कमजोर हो गई है।

आईपीएल 2026 में मंगलवार को कोलकाता नाइट राइडर्स को एक और बार हार का सामना करना पड़ा। यह इस सीजन पांच मैचों में उनकी चौथी हार रही। एक मैच बेनतीजा रहा है। वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स ने इस सीजन पांच मैचों में लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस हार के साथ केकेआर ने अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम किया। टीम 18 साल में और 19 सीजन में पहली बार अपने शुरूआती पांच मैचों में से एक भी नहीं जीत पाई है। तीन बार की चैंपियन को इस सीजन मुंबई इंडियंस, सनराइजर्स हैदराबाद,



**आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा जीत**

| टीम vs खिलाफ | मैच | जीत |
|---|---|---|
| मुंबई vs कोलकाता | 36 | 25 |
| चेन्नई vs बेंगलुरु | 36 | 21 |
| कोलकाता vs पंजाब | 36 | 21 |
| मुंबई vs चेन्नई | 39 | 21 |
| मुंबई vs दिल्ली | 38 | 21 |
| चेन्नई vs कोलकाता | 32 | 21 |

लखनऊ सुपर जाएंट्स और सीएसके से हार का सामना करना पड़ा है। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनका मुकाबला बारिश से धुल गया था।

इतना ही नहीं सीएसके ने 193 रन के लक्ष्य का बचाव कर भी एक रिकॉर्ड बनाया। यह टीम इस सीजन 200 से कम का टारगेट देकर जीत हासिल करने वाली पहली टीम बनी। इस सीजन अब तक आठ बार टीमों ने 200 से कम का लक्ष्य दिया है और सिर्फ सीएसके ने ही इसका सफलतापूर्वक बचाव किया है। बाकी सात मौकों पर पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम को हार मिली यानी स्कोर आसानी से चेज हो गए। इस लिस्ट में राजस्थान रॉयल्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुकाबला शामिल नहीं है, क्योंकि वह मैच 11-11 ओवर का हुआ था। वहीं, चेन्नई ने आईपीएल 2024 से अब तक 11 बार विपक्षी टीमों को 200 से कम का लक्ष्य दिया। इसमें यह सिर्फ दूसरा मौका है, जब सीएसके की टीम 200 रन से कम के लक्ष्य को डिफेंड करने में कामयाब हो पाई है। बाकी नौ मौकों पर टीम को हार मिली।

आईपीएल इतिहास में चेन्नई सुपर किंग्स का कोलकाता नाइट राइडर्स पर मजबूत दबदबा रहा है। सीएसके ने केकेआर के खिलाफ 32 मैचों में 21 जीत दर्ज की हैं, जो इस लिस्ट में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा जीत का आंकड़ा है। इसका मतलब साफ है कि जब भी ये दोनों टीमें आमने-सामने होती हैं, तो सीएसके अक्सर भारी पड़ती है। हालिया मैच में भी यही ट्रेंड देखने को मिला।

### चेन्नई में केकेआर पर सीएसके का दबदबा

चेन्नई के मैदान (चेपॉक) पर चेन्नई सुपर किंग्स का दबदबा और भी खतरनाक हो जाता है। इस मैदान पर सीएसके ने केकेआर के खिलाफ 13 मैचों में नौ जीत हासिल की हैं। यानी, केकेआर के लिए चेन्नई में जीत हासिल करना हमेशा से मुश्किल रहा है और हालिया मुकाबले में भी यही कहानी दोहराई गई।

# क्या शोएब मलिक और सना जावेद बने माता-पिता

**नई दिल्ली।** शोएब मलिक और सना जावेद के माता-पिता बनने की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, लेकिन फैक्ट चेक में यह दावा गलत निकला। तस्वीरें एक प्रमोशनल शूट से जुड़ी थीं और कपल या किसी






विश्वसनीय मीडिया ने इसकी पुष्टि नहीं की है।

हाल ही में शोएब मलिक और सना जावेद को लेकर सोशल मीडिया पर एक बड़ी खबर वायरल हो गई। कुछ तस्वीरों में दोनों एक नवजात बच्चे के साथ नजर आए, जिसके बैकग्राउंड में 'वेलकम बेबी 'सैय्यारा' लिखा हुआ था। इन तस्वीरों के सामने आते ही इंटरनेट पर 'शोएब मलिक बेबी न्यूज' और 'सना जावेद बेबी ट्रुथ' जैसे सर्च तेजी से ट्रेंड करने लगे और फैंस के बीच चर्चा शुरू हो गई कि क्या इस कपल ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया है।

जब इन वायरल तस्वीरों की पड़ताल की गई, तो एक अहम बात सामने आई। ये तस्वीरें किसी निजी या आधिकारिक अकाउंट से नहीं, बल्कि एक प्रमोशनल या ब्राइडल शूट से जुड़े इंस्टाग्राम पेज से शेयर की गई थीं। इससे साफ हो गया कि ये तस्वीरें किसी पर्सनल मोमेंट की नहीं, बल्कि एक शूट का हिस्सा हैं।

**न कपल की पुष्टि, न आधिकारिक बयान:** इस पूरे मामले में सबसे अहम बात यह है कि न तो शोएब मलिक और न ही सना जावेद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर किसी बच्चे के जन्म की घोषणा की है। आमतौर पर सेलिब्रिटी इस तरह की बड़ी खुशखबरी खुद साझा करते हैं, लेकिन यहां ऐसा कुछ भी देखने को नहीं मिला, जो इन दावों को और संदिग्ध बनाता है।

**पहले भी अफवाहों का शिकार रहे हैं मलिक:** यह पहला मौका नहीं है जब शोएब मलिक को लेकर इस तरह की अफवाहें फैली हों। इससे पहले भी उनकी निजी जिंदगी को लेकर कई गलत खबरें सामने आ चुकी हैं, जिनमें चौथी शादी की अफवाह भी शामिल थी। खुद मलिक इन अफवाहों को खारिज कर चुके हैं, जिससे यह साफ होता है कि उनके नाम पर बार-बार भ्रामक खबरें फैलती रही हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस खबर ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि कैसे क्लिकबेट और वायरल कंटेंट की होड़ में बिना पुष्टि वाली खबरें तेजी से फैल जाती हैं।

# एक्सेलसन ने पेशेवर बैडमिंटन से लिया संन्यास, लक्ष्य सेन ने लिखा भावुक मैसेज



**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता विक्टर एक्सेलसन के संन्यास पर भावुक संदेश लिखा। उन्होंने कहा कि एक्सेलसेन को बैडमिंटन इतिहास के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। लक्ष्य सेन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बैडमिंटन खुद को भाग्यशाली मानेगा कि उसे एक्सेलसेन जैसा खिलाड़ी मिला। उन्होंने कहा कि एक्सेलसेन की महानता सिर्फ उनके खेल तक सीमित नहीं है।

**ओलंपिक में स्वर्ण जीते:** विक्टर एक्सेलसन पुरुष एकल बैडमिंटन के इतिहास के सबसे सफल खिलाड़ियों में गिने जाते हैं। उन्होंने टोक्यो ओलंपिक 2020 और पेरिस ओलंपिक 2024 में स्वर्ण पदक जीते, जबकि रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक हासिल किया। इसके अलावा उन्होंने 2017 और 2022 में विश्व चैंपियनशिप खिताब भी अपने नाम किए।

**भावुक हुए लक्ष्य सेन:** लक्ष्य सेन ने अपने संदेश में दोनों के साझा सफर को याद करते हुए कहा कि दुबई में साथ ट्रेनिंग करने से लेकर ऑल इंग्लैंड ओपन और ओलंपिक जैसे बड़े मंचों पर मुकाबला करना उनके लिए एक शानदार अनुभव रहा है। दोनों खिलाड़ियों की आखिरी भिड़ंत पेरिस ओलंपिक के पुरुष एकल सेमीफाइनल में हुई थी, जिसमें एक्सेलसेन ने 22-20, 21-14 से जीत दर्ज कर बाद में स्वर्ण पदक भी जीता। दोनों के बीच कुल 9 मुकाबलों में एक्सेलसेन ने 8 बार जीत हासिल की, जबकि सेन को सिर्फ एक जीत मिली, जो जर्मन ओपन में आई थी।

# चार हार के बाद बीसीसीआई की मार! केकेआर के कप्तान रहाणे पर लगा 12 लाख रुपये का जुर्माना

**चेन्नई।** केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर स्लो ओवर रेट के कारण बीसीसीआई ने 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। टीम पहले ही लगातार पांच मैच हार चुकी है और अंक तालिका में सबसे नीचे है। सीएसके के खिलाफ भी हार के बाद केकेआर की समस्याएं बढ़ गई हैं, जबकि रहाणे के सामने अब टीम को संभालने की बड़ी चुनौती है।




आईपीएल 2026 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। टीम जहां पांच मैचों में जीत का खाता नहीं खोल पाई है, वहीं कप्तान अजिंक्य रहाणे की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। खराब प्रदर्शन के बीच अब उन पर बीसीसीआई ने जुर्माना भी ठोका है।

### सीएसके के गेंदबाजों का शानदार प्रदर्शन

इस मैच में सीएसके के गेंदबाजों ने कमाल का प्रदर्शन किया। स्पिनर नूर अहमद ने 3/21 के आंकड़े के साथ केकेआर की कमर तोड़ दी, जबकि अंशुल कंबोज ने 2 विकेट लेकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

सीएसके ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 192/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया और फिर गेंदबाजों के दम पर केकेआर को 160/7 पर रोक दिया।

### बल्लेबाजी फिर बनी केकेआर की कमजोरी

केकेआर की बल्लेबाजी एक बार फिर नाकाम रही। टीम ने ओपनिंग कॉम्बिनेशन में बदलाव करते हुए सुनील नरेन और फिन एलेन को भेजा, लेकिन यह दांव भी सफल नहीं हुआ। पावरप्ले में ही टीम 36/2 पर सिमट गई, जो 2024 के बाद सबसे खराब शुरूआत में से एक है। रहाणे और अंगकृष रघुवंशी ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन बड़े शॉट्स की कमी और लगातार विकेट गिरने से टीम लक्ष्य से काफी दूर रह गई।

### स्लो ओवर रेट पर लगा जुमार्ना

बीसीसीआई और आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने रहाणे को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दंडित किया है। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखने के कारण जुमार्ना लगाया गया है।' आगे बताया गया, 'यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध है, इसलिए उन्हें 12 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया है।'

### मैदान पर भी फ्लॉप, नतीजों का दबाव

रहाणे की कप्तानी में केकेआर का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा है। टीम अब तक एक भी मैच नहीं जीत सकी है और अंक तालिका में सबसे नीचे बनी हुई है। ताजा मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी टीम को 32 रन से हार का सामना करना पड़ा, जिससे दबाव और बढ़ गया है।



# Barcelona के सामने कमबैक की बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** एटलेटिको मैड्रिड के खिलाफ 'करो या मरो' के मुकाबले में बार्सिलोना को कई प्रमुख खिलाड़ियों की अनुपस्थिति के बीच एक संतुलित प्रदर्शन करना होगा, जिसमें रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और लामिन यामाल के आक्रमण पर जीत का दारोमदार रहेगा। आज रात यूरोपियन फुटबॉल में एक बड़ा मुकाबला होने जा रहा है, जहां स्पेन के दो दिग्गज क्लब आमने-सामने होंगे। एफसी बार्सिलोना और एटलेटिको मैड्रिड के बीच यह मुकाबला सीजन का सबसे अहम मैच माना जा रहा है।

बता दें कि यह मुकाबला चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण का है, जिसमें बार्सिलोना को पहले मैच में 0-2 की हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में मौजूद जानकारी के अनुसार, अब बार्सिलोना को अगले दौर में पहुंचने के लिए कम से कम तीन गोल करने होंगे और साथ ही विरोधी टीम को गोल करने से रोकना होगा।

गौरतलब है कि मैच रियाद एयर मेट्रोपोलिटानो में खेला जाएगा, जो एटलेटिको का घरेलू मैदान है और यहां जीत हासिल करना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होता। हालांकि बार्सिलोना के लिए राहत की बात यह है कि उसने इस सीजन में एटलेटिको को तीन बार हराया है, जिसमें एक जीत इसी मैदान पर भी शामिल है। मौजूद जानकारी के अनुसार, बार्सिलोना को इस अहम मुकाबले से पहले कुछ राहत मिली है क्योंकि फ्रेंकी डी जोंग चोट से वापसी कर चुके हैं। वहीं टीम को राफिन्हा और एंड्रियास क्रिस्टेंसन की कमी खलेगी, जबकि पाउ कुबार्सी निलंबन के चलते नहीं खेल पाएंगे।




# एशियन रेस्लिंग में भारत का 'गोल्डन डे', सुजीत और अभिमन्यु ने गोल्ड जीतकर रचा इतिहास

नई दिल्ली। एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अब तक 14 पदक जीते हैं, जिनमें सुजीत कलकल और अभिमन्यु मांडवाल के दो स्वर्ण शामिल हैं। अमन सहरावत और मुकुल दहिया के भी फाइनल में पहुंचने से भारत की पदक तालिका में और वृद्धि की उम्मीद है।

किर्गिस्तान में चल रही एशियाई कुश्ती प्रतियोगिता में भारत के पहलवानों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। ताजा मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार खेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

बता दें कि एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में भारत के सुजीत कलकल ने 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में उज्बेकिस्तान के पहलवान को 8-1 से हराकर स्वर्ण पदक जीता है। गौरतलब है कि इस वर्ग में 2019 के बाद यह पहला मौका है जब किसी भारतीय खिलाड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया है। इससे पहले बजरंग पुनिया ने यह उपलब्धि हासिल की थी।

मौजूद जानकारी के अनुसार, सुजीत का यह लगातार तीसरा स्वर्ण पदक है, जो उनके शानदार फॉर्म को दशार्ता है। वहीं 70 किलोग्राम वर्ग में अभिमन्यु मांडवाल ने मंगोलिया के अनुभवी और ओलंपिक खिलाड़ी को 5-3 से हराकर बड़ा उलटफेर किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

गौरतलब है कि इन जीतों के साथ भारत का कुल पदक आंकड़ा अब 14 तक पहुंच गया है, जिसमें दो स्वर्ण और चार रजत पदक शामिल हैं।

इसके अलावा अन्य मुकाबलों में भी भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन शानदार रहा है। मौजूद जानकारी के अनुसार, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत ने 61 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में ईरान के खिलाड़ी को 11-9 से हराकर फाइनल में जगह बनाई है। अब उनका मुकाबला कोरिया के खिलाड़ी से स्वर्ण पदक के लिए होगा।

वहीं 86 किलोग्राम वर्ग में मुकुल दहिया ने कजाकिस्तान के पहलवान को 12-6 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। अब उनका मुकाबला ईरान के मजबूत प्रतिद्वंदी से होगा।

# हार्दिक पांड्या ने सुनील छेत्री को भेंट की एमआई की जर्सी

मुंबई। छेत्री ने एमआई टीवी के वीडियो में कहा, 'मैं स्टेडियम में बहुत बार नहीं गया हूं, लेकिन जब भी आया हूं, तो यह एक अद्भुत एहसास है। यहां आकर खेल को अलग तरह से देखना बहुत अच्छा है। मैं मुंबई इंडियंस और फैंस को न केवल इस मैच के लिए बल्कि पूरे टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'

भारतीय फुटबॉल के दिग्गज सुनील छेत्री मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस (एमआई) के ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे थे। इस दौरान एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने छेत्री को एमआई की जर्सी भेंट की। ट्रेनिंग सेशन के दौरान पहुंचे सुनील छेत्री से एमआई के कई खिलाड़ी बात करते हुए नजर आए। छेत्री ने महेला जयवर्धने, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर और कप्तान हार्दिक पांड्या जैसे



खिलाड़ियों से बातचीत की और अपने शानदार करियर के अनुभव शेयर किए।

छेत्री ने एमआई टीवी के वीडियो में कहा, 'मैं स्टेडियम में बहुत बार नहीं गया हूं, लेकिन जब भी आया हूं, तो यह एक अद्भुत एहसास है। यहां आकर खेल को अलग तरह से देखना बहुत अच्छा है। मैं मुंबई इंडियंस और फैंस को न केवल इस मैच के लिए बल्कि पूरे टूर्नामेंट के लिए शुभकामनाएं देता हूं।'

एमआई के लिए आईपीएल 2026 की शुरूआत शानदार रही थी। टीम ने 2012 के बाद किसी भी सीजन का पहला मैच इस बार जीता, लेकिन उसके बाद से टीम ने एक भी मैच नहीं जीता है। एमआई चार मैचों में तीन हार के साथ अंक तालिका में नौवें स्थान पर है।

टीम को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ हुए अपने आखिरी मैच में 18 रन से हार का सामना करना पड़ा था। एमआई के पूर्व कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा इस मैच में इंजर्ड होकर रिटायर हर्ट हुए थे। एमआई की तरफ से उस मैच में शरफेन रदरफोर्ड ने शानदार पारी खेली थी और 31 गेंदों पर नौ छक्कों की मदद से 71 रन बनाए थे। हालांकि, रदरफोर्ड अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके थे। मुंबई इंडियंस का अगला मुकाबला गुरुवार को वानखेड़े स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ है। एमआई के लिए इस मैच में जीत बेहद जरूरी है, जो पंजाब किंग्स के फॉर्म को देखते हुए बिल्कुल भी आसान नहीं लगता है।

16 April -26 page 6 15-04-2026 23:05 Page 1






# अभूतपूर्व आस्था का सैलाबः लोनी में 31 हजार से अधिक महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

### - विधायक नंदकिशोर गुर्जर रहे प्रमुख सहभागी









**लोनी।** रामपार्क स्थित सिद्ध बाबा मंदिर में आयोजित श्रीरामकथा का शुभारंभ मंगलवार को भव्य और ऐतिहासिक कलश यात्रा के साथ हुआ। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति, उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। 31 हजार से अधिक माताओं और बहनों ने कलश यात्रा में भाग लेकर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया, जिससे लोनी पूरी तरह राममय हो उठी।

### भक्ति में डूबा लोनी, ऐतिहासिक बना आयोजन

कलश यात्रा सिद्ध बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर राणा चौक, रामपार्क होते हुए 50 फुटा मार्ग से कथा पंडाल तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। महिलाएं सिर पर कलश रखकर भजन और लोकगीत गाती हुई चल रही थीं, जिससे वातावरण पूरी तरह धार्मिक आस्था में सराबोर नजर आया।

### विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बढ़ाया उत्साह

कार्यक्रम में विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने स्वयं सिर पर श्रीरामायण धारण कर कलश यात्रा में भाग लिया। उनकी सहभागिता ने श्रद्धालुओं का उत्साह और बढ़ा दिया।

### 'लोनी की धरती पर दिखा अभूतपूर्व दृश्य'

विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लोनी की पावन धरती पर जो दृश्य देखने को मिला, वह ऐतिहासिक और अभूतपूर्व है। 31 हजार से अधिक माताओं-बहनों का एक साथ कलश यात्रा में शामिल होना आस्था के साथ-साथ सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सनातन संस्कृति के पुनर्जागरण का महापर्व है और लोनी आज पूरे देश के लिए एक उदाहरण बनकर उभरी है।

### 23 अप्रैल तक चलेगी श्रीरामकथा

15 अप्रैल से 23 अप्रैल तक आयोजित श्रीरामकथा का वाचन परम पूज्य पंडित अतुल कृष्ण भारद्वाज महाराज के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

### हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से राममय हुआ माहौल

कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिकों के साथ हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूती दी, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक जागरूकता का भी संदेश दिया।




### किस सटोरिये ने वसूल लिया 3 लाख की कार का डेढ लाख रूपये ब्याज

पुलिस की साख पर बट्टा लगे तो लगे लेकिन आईपीएल का सट्टा जैसे चल रहा है वैसे ही चलेगा। आईपीएल का सट्टा गाजियाबाद में एक बिजनेस का रूप ले चुका है। इसके खिलाडियों में कई नाम आते है। ये वो बिजनेस है कि जिसके चपेटे में आकर लोगों के मकान और दुकान बिक जाते हैं। आईपीएल के साईड इफैक्ट आईपीएल खत्म होने के बाद आते हैं। किस्सा बीच बाजार में गूंज रहा है और किस्से में बलेनो कार है। आईपीएल सट्टे के एक डॉन ने बलेनो कार को गिरवी रखा और तीन लाख रूपये उधार दिये। यहां तक तो बात ठीक है लेकिन ब्याज की दर ऐसी की सुनने वालों का सर घूम गया। पता चला है कि तीन लाख रूपये की रकम दी गई। रकम देने से पहले बलेनो कार गिरवी रखी गई और तीन लाख की रकम का 15 दिन का ब्याज डेढ लाख रूपये हो गया। किस्सा सटोरिया- 11 के बीच गूंज रहा है।

### नामित पार्षद को जब ठेकेदार ने समझा दी सिस्टम की बारीकियां

वैसे तो हुआ ये है कि एक ठेकेदार ही नामित पार्षद बन गया है। हुआ ये भी है कि जिन्होंने अमित बाल्मीकि से लेकर निर्वाचित पार्षद को रडार पर ले लिया था उन परभी नामित वाली कृपा हो गई है। कृपा से नवाजे गये नामित अब विकास चाहते हैं। बड़े भोले हैं और वो चुने गये 100 पार्षदों का अंजाम देखकर भी समझ नहीं रहे। बहुत पुराने वाले हाईकोर्ट हो आये और जो पहली बार जीते थे वो लखनऊ तक के टूर लगा आये। अफलातून खातून की गारंटियां तीन बार फेल हो गईं। पब्लिक ने भी देख लिया जब इंजन ही इंजन की भरमार हो तो फिर वादों का मंजन ही होता है। लिहाजा पब्लिक के साथ साथ क्रान्तिकारी पार्षद ने भी चुपचाप बढ़ा हुआ टैक्स जमा करा दिया है। इतने के बाद भी विकास के इमोशन में झूल रहा नामित नगर निगम पहुंचा। हाथ में डायरी और चार लोग साथ में ले रखे थे। उसने ग्राउंड फ्लोर पर खड़े होकर पता किया कि कौन सा काम किस विभाग में होगा। इसी बीच नामित के परिचित ठेकेदार आ गये। ठेकेदार ने पहले तो उन्हें बताया कि शिकायत इस पटल से लेकर उस पटल तक की जा सकती है। फिर बता दिया कि मुन्ना कमीशन के बारे में सोचना भी मत। वो तो निर्वाचित वालों के लिए है। सिस्टम में तुम ना विकास में हो ना निकास में हो। नामित ने भी हैरान होकर पूछा कि हम बने किस लिए हैं। ठेकेदार ने भी उसी मासूमियत से बता दिया कि नाम के आगे पार्षद लिखा जायेगा। घर के आगे पार्षद का बोर्ड लगेगा और क्या निगम की जान लोगे।

### जब देवतुल्य ने खोल दिया गेट तो जनप्रतिनिधि भी क्यों हो गये इतना अपसेट

नामित वाली कृपा के साईड इफैक्ट आने लगे हैं। नाराजगी के बारूद से भरे हुए देवतुल्य बम अब फटने को तैयार हैं। उन्हें गारंटी दी गई थी और गारंटी पता नहीं कहां घुस गई। वो नाराज हैं और नाराजगी की वजह भी ये है कि तुमने पांव पकड़ने की लाज नहीं रखी। पुराने देवतुल्य को बड़े वालों से छोटी कृपा यानी नामित वाली उम्मीद थी। सुना है कि वो पूरी तरह मुतमईम थे कि नाम लिस्ट में है। मगर जब नाम नहीं आया तो शिव भी तांडव करने लगे और मोहन भी नाराज हो गये। सुना है नाराज देवतुल्य जनप्रतिनिधि के दरवाजे पर पहुंच गये। यहां पहले उन्हें स्टॉप करने का प्रयास किया गया लेकिन जब नाराजगी चरम पर हो तो फिर कौन रूक रहा है। सुना है कि देवतुल्य ने एक झटके में वो गेट खोल दिया जिस कमरे में जनप्रतिनिधि बैठे थे। गेट खोलने को लेकर जनप्रतिनिधि का मूड अपसेट हो गया। सुना है कि इधर उनकामूड ऑफ और इधर देवतुल्य भी रूड हो गये। बात यहां तक आ गई कि मैं आज के बाद यहां कदम नहीं रखूंगा और देवतुल्य को जनप्रतिनिधि ने भी कह दिया कि ना तू किसी काम को लेकर मेरे पास आना और ना ही तू मेरे चुनाव के प्रचार के लिए आना। नाराज देवतुल्य ने खफा अंदाज में बेवफा का अगला पिछला इतिहास भी बताना शुरू कर दिया।

# इंदिरा कॉलोनी में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की 135वीं जयंती





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल 2026 को इंदिरा कॉलोनी (वार्ड 83) में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों और स्थानीय निवासियों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प एवं माला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

पुष्पांजलि के पश्चात आयोजित एक विशेष संगोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने उनके दिखाए मार्ग 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संकल्प को दोहराया और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को अतुलनीय बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा और मंडल महामंत्री राम जी झा उपस्थित रहे। उनके साथ ही माधव सूद, गगन आनंद, एसपी सिंह और कुसुम सिंह ने भी बाबा साहब को नमन किया।

संगोष्ठी में रामप्रवेश, के.के. दुबे, चंदन झा, अजय कुमार, कन्हैया, परमेश्वर यादव, मुखलाल, सुनील चौहान, योगेश कुमार, प्रेम कुमार, फागू चौहान और गोरख गुप्ता सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

# गाजियाबाद में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के लिए महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से जनपद गाजियाबाद और मुरादनगर में भव्य स्कूटी रैलियों का आयोजन किया गया। इन रैलियों के माध्यम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभाओं में मिलने वाले 33% आरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उत्तर प्रदेश महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल ने नवयुग मार्केट के दुर्गा भाभी चौक से रैली को हरी झंडी दिखाई। इस रैली में शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग और सिविल डिफेंस की लगभग 600 महिलाओं ने भाग लिया। विधायक अजीत पाल त्यागी ने काईट कॉलेज से रैपिड रेल स्टेशन तक रैली का शुभारंभ किया, जिसमें विभिन्न विभागों की 500 से अधिक महिला कर्मचारी और शिक्षिकाएं शामिल हुईं। डॉ. हिमानी अग्रवाल ने बताया कि यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने और नीति निर्धारण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। विधायक अजीत पाल त्यागी ने जोर दिया कि इस कानून से समाज में न्याय और समानता को बढ़ावा मिलेगा। आयोजन में जिला प्रोबेशन अधिकारी मनोज कुमार पुष्कर, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# कवि नगर गुरुद्वारे में खालसा सृजना दिवस और वैसाखी की धूम, श्रद्धा के साथ मनाया गया पर्व





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जी-ब्लॉक स्थित गुरुद्वारा साहिब में 'खालसा पंथ' का स्थापना दिवस और वैसाखी का पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर भारी संख्या में संगत ने गुरुद्वारे में नतमस्तक होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान संगत को संबोधित करते हुए गुरुद्वारा कमेटी ने वैसाखी के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि सन 1669 में आज ही के दिन दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह जी ने आनंदपुर साहिब की धरती पर 'खालसा पंथ' की स्थापना की थी। गुरु जी ने जुल्म के खिलाफ लड़ने के लिए सिखों को 'पांच ककार' की विशिष्ट पहचान और साहस का वरदान दिया था। इसके साथ ही यह पर्व नई फसल के आगमन की खुशी का भी प्रतीक है। इनके साथ ही सरदार महेंद्र सिंह, सरदार हरदीप सिंह सोहल और सरदार तजिंदर सिंह भाटिया सहित कमेटी के अन्य सदस्यों ने व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने में अपनी सेवाएँ दीं। कार्यक्रम के अंत में गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया।

## मोदीनगर में तेज रफ्तार कार ने महिला को रौंदा, हालत गंभीर

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मोदीनगर रोरी मार्ग पर रेलवे फाटक के पास दवाई लेने जा रही है महिला को तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया। गंभीर हालत में महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरू कर दी है। विजयनगर कॉलोनी स्थित मधुवन वाटिका निवासी महिला गीता दवाई लेने के लिए जा रही थी। वह मोदीनगर रोरी मार्ग पर रेलवे फाटक के पास पहुंचे तो तेज रफ्तार कार ने महिला को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद महिला कई फीट उछलकर काफी दूर जा गिरी।

# बुकिंग के बाद भी गैस सिलेंडर देने से इनकार, पीड़ित ने की एसडीएम से शिकायत



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** बुकिंग के बाद भी रसोई गैस सिलेंडर ना देने का मामला सामने आया है। एजेंसी संचालक ने उपभोक्ता के साथ अभद्रता भी की। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी से मामले की शिकायत की है। उपजिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए है।

गांव खिदौड़ा निवासी सतीश त्यागी पूर्व प्रधान है। सतीश त्यागी का गैस कनेक्शन गांव पैंगा स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर है। सतीश त्यागी ने बताया कि ऑनलाइन रसोई गैस बुकिंग की थी। उन्होने बताया कि जब एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए गया तो वहां पर बैठे कर्मचारी गुरुदेव ने कहा कि तुम्हारे नाम का गैस कनेक्शन दिल्ली में भी है, इसलिए यहां का कैंसिल कर रहा हूं। आरोप है कि कर्मचारी ने अभद्रता कर भगा दिया। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को शिकायत दी है। उपजिलाधिकारी ने जांच के आदेश दिए है। एजेंसी संचालक ने आरोपों को गलत बताया है।




### क्या महाराज जी के संदेश का होगा कमिश्नरेट में असर

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक मैनेजमेंट सुधारने को लेकर तमाम बैठके हो चुकी हैं। कई तरीके के दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं, तो रेड लाइट की टाइमिंग सुधारने से लेकर लेफ्ट फ्री और चौराहों पर यू-टर्न बनाने से लेकर तमाम तरीके के निर्देश फाइलों में जारी किया जा चुके हैं। उधर अब एक ताजा वीडियो सामने आया है, जिसमें महाराज जी कह रहे हैं कि दुकानदार अपनी दुकानों के आगे सामान ना बढ़ाएं। तो ट्रैफिक पुलिस नियमानुसार वाहन संचालन करवाए और नियम तोड़ने वालों पर एक्शन हो। इन सबके बीच सवाल उठता है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरीके से इन दिनों बेकार चल रही है। बीते दिनों एक मैराथन के दौरान जो सोशल मीडिया पर ट्रैफिक पुलिस पर सवाल उठे हैं, वह 10 सालों से कंपेयर किया जा रहा है। तो बताया जा रहा है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिसकर्मियों की संख्या में इजाफा हो रहा है लेकिन ट्रैफिक पुलिस की हालत कहां पहुंच गई है, शायद ही किसी से छुपा नहीं है। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट में इन दिनों पुलिसकर्मियों को बेहद आधुनिक बूथ दिए गए हैं। तो बूथ देने का मकसद पुलिस को बेहतर सुविधा देना है लेकिन आलम यह है कि गर्मी बढ़ते ही पुलिसकर्मी इसके अंदर हो गए हैं और बाहर जनता धूप में जाम में बेहाल हो रही है। साहब के कार्यालय से लेकर कलेक्ट्रेट तक के मार्ग का हाल भी रोजाना नंबर दो की पोजीशन और साहब अच्छे से देख रहे हैं। यहां बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तो तैनात रहते हैं लेकिन भीड़ और वाहनों के दबाव के आगे वह भी कुछ कर नहीं पा रहे हैं। इन सबके बीच जानकारी यह मिल रही है कि जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में ट्रैफिक व्यवस्था को सुधारने का प्लान बन रहा है और अब खुद सूबे के महाराज का भी आदेश आ गया है देखना होगा इसका पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम पर क्या असर पड़ता है। वहीं जानकारी यह मिल रही है कि बीते दो दिनों में ट्रैफिक व्यवस्था बहुत ठीक रही क्योंकि पुलिस के सभी अधिकारी फील्ड पर थे लेकिन अब कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में देखना होगा की स्थिति क्या रह पाएगी। वैसे बताया जा रहा है कि साहब ने जिस तरह से तमाम तरीके के बदलाव करने के निर्देश दिए हैं लेकिन आखिर किस स्तर पर आदेशों को अमल में नहीं लाया जा रहा है, इसकी जांच भी अब आवश्यक होती नजर आ रही है।



## सतीश गर्ग और कमलेश गर्ग की 50 वीं मैरिज एनिवर्सरी मनाई गयी धूमधाम से



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सतीश गर्ग और कमलेश गर्ग ने अपने सफल सुखद और खुशहाल वैवाहिक जीवन यात्रा के 50 वर्ष पूरे किये। मैरिज एनिवर्सरी के गोल्डन जुबली को पूरे परिवार ने खुशियों के साथ मनाया। सतीश गर्ग और कमलेश गर्ग की मैरिज गोल्डन जुबली पर परिवार के लोगों ने उनका आशीर्वाद लिया और उन्हें शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर हरीश गर्ग, चारू गर्ग, मीनाक्षी बंसल, रितेश बंसल पूजा अग्रवाल, साहिल अग्रवाल, डा. तृप्ति और डा. अक्षय गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया और सतीश गर्ग और कमलेश गर्ग का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उनके सफल सुखद दाम्पत्य जीवन की शुभकामनायें दीं।

## नमन अरोड़ा और सोनाक्षी मल्होत्रा का शुभ विवाह धूमधाम से सम्पन्न



गाजियाबाद, करंट क्राइम। वरिष्ठ पत्रकार रवि अरोड़ा के सुपुत्र नमन अरोड़ा का शुभ विवाह सोनाक्षी मल्होत्रा के साथ धूम धाम से सम्पन्न हुआ। रेड कारपेट ग्रान्ड में आयोजित विवाह समारोह में समाज के गणमान्य लोग पहुंचे और वर वधु को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अरोड़ा परिवार की ओर से रवि अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जब संगठन वाली बैठक में गये तो वो नैहाटी में उस स्थान पर जाना नहीं भूले जो वंदे मातरम के रचियता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय की जन्मस्थली है। सांसद अतुल गर्ग ने अपनी फेसबुक पोस्ट में विशेष रूप से इस बात को साझा किया। ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।





# अमेरिका को मिला आईएईए का साथ, कहा- ईरान के परमाणु कार्यक्रम की पूरी तरह से होनी चाहिए जांच

**नई दिल्ली।** आईएईए प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने स्पष्ट किया है कि अमेरिका-ईरान के बीच किसी भी संभावित समझौते की सफलता कड़ी और विस्तृत निगरानी व्यवस्था पर निर्भर करेगी। आइए विस्तार से जानते हैं।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के संभावित समझौते को लेकर एक अहम शर्त सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी एजेंसी अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (कअएअ) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी समझौते में ईरान के परमाणु कार्यक्रम की बेहद विस्तृत और सख्त निगरानी व्यवस्था शामिल करना जरूरी होगा।

**समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा**

ग्रॉसी ने दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ईरान का परमाणु



कार्यक्रम काफी व्यापक और महत्वाकांक्षी है, इसलिए इसकी निगरानी के लिए आईएईए निरीक्षकों की मौजूदगी अनिवार्य होगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो समझौता सिर्फ एक भ्रम बनकर रह जाएगा।

**ट्रंप ने दूसरे दौर की वार्ता के दिए संकेत :** यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि ईरान के साथ दूसरे दौर की वार्ता अगले दो दिनों में हो सकती है। ट्रंप प्रशासन ने साफ किया है कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकना इस संघर्ष का प्रमुख उद्देश्य है।

हालांकि, ईरान लगातार यह कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण है और वह हथियार नहीं बना रहा। लेकिन वह अपने कार्यक्रम पर किसी तरह की सख्ती या सीमाएं लगाने से इनकार करता रहा है।

### आईएईए की गोपनीय रिपोर्ट में क्या आया सामने

आईएईए की एक गोपनीय रिपोर्ट के मुताबिक, जून में 12 दिन चले संघर्ष के दौरान इस्राइल और अमेरिका द्वारा बमबारी किए गए ईरानी परमाणु ठिकानों तक एजेंसी को अब तक पहुंच नहीं दी गई है। ऐसे में आईएईए यह पुष्टि नहीं कर पा रहा है कि ईरान ने यूरेनियम संवर्धन गतिविधियां रोकी हैं या नहीं, और उसके पास कुल कितना परमाणु सामग्री भंडार मौजूद है।

**इस्लामाबाद की वार्ता में नहीं निकला कोई नतीजा**

पिछले सप्ताह पाकिस्तान में दोनों देशों के बीच हुई शुरूआती बातचीत बिना किसी ठोस नतीजे के खत्म हो गई थी। व्हाइट हाउस ने इसके लिए ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को मुख्य बाधा बताया, जबकि ईरानी पक्ष ने इस दावे को खारिज किया।

रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के पास करीब 440.9 किलोग्राम यूरेनियम है, जिसे 60 प्रतिशत तक संवर्धित किया गया है। यह स्तर 90 प्रतिशत के हथियार-ग्रेड के काफी करीब माना जाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह मात्रा सैद्धांतिक रूप से 10 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त हो सकती है, यदि ईरान ऐसा करने का फैसला करता है। आईएईए के नियमों के तहत इस तरह के उच्च संवर्धित परमाणु पदार्थ की हर महीने जांच जरूरी होती है। ऐसे में ग्रॉसी ने जोर देकर कहा कि किसी भी भविष्य के समझौते की विश्वसनीयता इसी बात पर निर्भर करेगी कि उसमें निगरानी और सत्यापन की व्यवस्था कितनी मजबूत और पारदर्शी होती है।

## अमेरिकी सीनेटर ने ट्रंप से ओपीटी कार्यक्रम खत्म करने की अपील की

**वॉशिंगटन।** सीनेटर स्कॉट ने राष्ट्रपति ट्रंप प्रशासन के उस कदम का स्वागत किया, जिसमें इस प्रोग्राम में बदलाव की तैयारी की बात कही गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे अमेरिकी नौकरियों और परिवारों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकेगी। अमेरिका में विदेशी छात्रों से जुड़े एक अहम वर्क परमिट कार्यक्रम को लेकर सियासत तेज हो गई है। रिपब्लिकन सीनेटर रिक स्कॉट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से 'ऑप्शनल प्रैक्टिकल ट्रेनिंग (ओपीटी)' प्रोग्राम को खत्म करने की अपील की। सीनेटर स्कॉट ने राष्ट्रपति ट्रंप को लिखे पत्र में कहा कि यह कार्यक्रम तुरंत ध्यान देने वाला मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी छात्रों को मिलने वाले ये वर्क परमिट न सिर्फ अमेरिकी ग्रेजुएट्स के नौकरी के अवसर कम करते हैं, बल्कि इनका दुरुपयोग भी हो रहा है। स्कॉट ने खासतौर पर चीन का जिक्र करते हुए कहा कि यह एक 'स्वयं घोषित दुश्मन देश' है, जो इस व्यवस्था का फायदा उठा सकता है।

## भारत-जर्मनी ने राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के मौके पर किया लोगो का अनावरण

**नई दिल्ली।** भारत और जर्मनी ने मंगलवार को बर्लिन में विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) का आयोजन किया, जिसके दौरान दोनों पक्षों ने औपचारिक रूप से दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में लोगो का अनावरण किया।



बुधवार को विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, परामर्श की सह-अध्यक्षता विदेश सचिव विक्रम मिस्री और जर्मन विदेश कार्यालय के राज्य सचिव गेजा एंड्रियास वॉन गेयर ने की, जिसके दौरान दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की और भारत-जर्मनी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के तरीकों का पता लगाया।

चर्चाओं में व्यापार और निवेश, रक्षा और सुरक्षा, प्रौद्योगिकी सहयोग, हरित और सतत विकास, गतिशीलता और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे विषय भी शामिल थे। यह बैठक 2025 में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत और जर्मनी राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं, जो उनकी रणनीतिक साझेदारी पर आधारित है, जिसने अपनी 25वीं वर्षगांठ पूरी कर ली है। दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों, औद्योगिक सहयोग, डिजिटल शासन, नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, नवाचार और तीसरे देशों में विकास सहयोग जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति व्यक्त की।

## तुर्किये: छात्र ने क्लासरूम में की फायरिंग, शिक्षक समेत चार लोगों की मौत, 20 से अधिक घायल

**इस्तांबुल।** तुर्किये में एक स्कूल में हुई बुधवार को हुई गोलीबारी की घटना से हड़कंप मच गया। एपी के अनुसार, स्कूल के परिसर में एक छात्र ने फायरिंग की है, जिसमें कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि हमलावर छात्र ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे स्कूल में अफरातफरी मच गई।





एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को दक्षिण-पूर्वी तुर्किये के एक स्कूल में एक छात्र ने दो क्लासरूम में गोलीबारी की, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। कहमनमारस प्रांत के गवर्नर मुकर्रम उनलुअर ने बताया कि हमलावर छात्र भी मारा गया है। उसके पास से जो हथियार बरामद हुए, वे उसके पुलिस अधिकारी पिता के बताए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पीड़ितों में एक शिक्षक भी शामिल था। हमले के पीछे का मकसद तत्काल पता नहीं चल पाया है। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया और सुरक्षा बलों ने स्कूल परिसर को घेरकर स्थिति को नियंत्रित किया। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

घटनास्थल से मिले वीडियो फुटेज में कम से कम दो लोगों को एंबुलेंस में ले जाते हुए देखा गया। एक दिन पहले पास के शानलिउर्फा प्रांत में एक हाई स्कूल में एक पूर्व छात्र द्वारा गोलीबारी किए जाने से 16 लोग घायल हो गए थे, जिनमें ज्यादातर छात्र थे।

# दुनिया के लिए ट्रंप ने खोला होर्मुज का रास्ता

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का एक नया दावा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा और सवाल दोनों खड़े कर रहा है। ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट, चीन और ईरान को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसने वैश्विक राजनीति में कई संदेह और बहस को जन्म दे दिया है।





अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि उन्होंने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को स्थायी रूप से खोल दिया है। उन्होंने लिखा 'चीन बहुत खुश है कि मैं होर्मुज स्ट्रेट को स्थायी रूप से खोल रहा हूं। मैं यह उनके लिए भी कर रहा हूं और दुनिया के लिए भी। ऐसी स्थिति फिर कभी नहीं होगी। वे ईरान को हथियार न भेजने पर सहमत हो गए हैं। जब मैं कुछ हफ्तों में राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलने वहां जाऊंगा तो मुझे जोरदार गले लगाएंगे।

**तेल की कीमतों में आएगी भारी गिरावट**

डोनाल्ड ट्रंप ने यह भी दावा किया कि ईरान से जुड़े संघर्ष के खत्म होने के बाद वैश्विक तेल कीमतों में बहुत बड़ी गिरावट देखने को मिलेगी। फॉक्स न्यूज की पत्रकार मारिया बार्टिरोमो को दिए गए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि फिलहाल तेल की कीमतें लगभग 92 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं, लेकिन हालात सामान्य होते ही इसमें तेज गिरावट आएगी।

ट्रंप ने कहा जैसे ही यह (युद्ध) खत्म होगा, तेल की कीमतें बहुत तेजी से नीचे आएंगी और बहुत जल्द यह स्थिति बदल सकती है। उन्होंने यह भी दावा किया कि पहले दिए गए उनके बयान को गलत तरीके से पेश किया गया था, जिसमें उन्होंने ईंधन की कीमतों को लेकर अलग टिप्पणी की थी। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में गैस की कीमतें, जो फिलहाल 4 डॉलर प्रति गैलन से थोड़ी अधिक हैं, आगामी चुनावों तक काफी नीचे आ सकती हैं। उन्होंने भरोसा जताया कि युद्ध समाप्त होने के बाद ऊर्जा बाजार में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

### मई में हो सकती है शी जिनपिंग और ट्रंप की मुलाकात

इसी इंटरव्यू में ट्रंप ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि शी जिनपिंग ने लिखित जवाब में यह साफ किया है कि चीन ईरान को हथियार नहीं भेज रहा है। ट्रंप के मुताबिक, उन्होंने पहले इस मुद्दे पर शी जिनपिंग को पत्र लिखकर चिंता जताई थी। ट्रंप ने यह भी बताया कि उनकी और शी जिनपिंग की मुलाकात मई की शुरूआत में बीजिंग में संभावित है, जहां कई अहम मुद्दों पर चर्चा हो सकती है।

## शी जिनपिंग बोले- चीन-रूस के संबंध बहुत कीमती हैं

**नई दिल्ली।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बुधवार को कहा कि परिवर्तन और अराजकता से भरे अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर चीन-रूस संबंधों की स्थिरता और निश्चितता विशेष रूप से कीमती है। बीजिंग में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ एक बैठक के दौरान जिनपिंग ने कहा कि इस तरह की पृष्ठभूमि में दोनों देशों के बीच मैत्री संधि की मजबूत जीवंतता और अनुकरणीय महत्व और भी अधिक स्पष्ट रूप से सामने आता है।

शी जिनपिंग ने कहा कि चीन और रूस को दोनों देशों के वैध हितों की रक्षा करने और वैश्विक दक्षिण के देशों की एकता को सुरक्षित रखने के लिए घनिष्ठ और मजबूत रणनीतिक सहयोग का उपयोग करने की आवश्यकता है। यह जानकारी सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने दी।

## यूएस-ईरान टकराव कब थमेगा : युद्ध विराम विस्तार के प्रयास तेज

### शांति वार्ता पर लौट सकते हैं दोनों देश

**अबू धाबी।** अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष-विराम को बढ़ाने की कोशिशों में प्रगति हुई है। दोनों पक्षों ने 22 अप्रैल के बाद इसे दो हफ्ते और बढ़ाने पर सिद्धांत रूप में सहमति जताई है। मध्यस्थ देश परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य और युद्ध मुआवजे जैसे मुद्दों पर समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका और ईरान के बीच टकराव कम करने की कोशिशें तेज हो गई हैं। दोनों देशों के बीच चल रहे संघर्ष-विराम को बढ़ाने के लिए मध्यस्थ सक्रिय हो गए हैं। इससे संकेत मिल रहे हैं कि हालात को काबू में लाने के लिए कूटनीतिक रास्ते पर जोर दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मौजूदा संघर्ष-विराम 22 अप्रैल को समाप्त होने वाला है। ऐसे में मध्यस्थ देश इसे कम से कम दो हफ्ते और बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं ताकि बातचीत को और समय मिल सके। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों ने सिद्धांत रूप में संघर्ष-विराम बढ़ाने पर सहमति जताई है और जल्द ही नई वार्ता शुरू हो सकती है।



**क्या सीजफायर बढ़ाने पर बनी सहमति?**

मध्यस्थों के प्रयासों से अमेरिका और ईरान ने 'इन प्रिंसिपल' सहमति दी है कि संघर्ष-विराम को आगे बढ़ाया जाए। हालांकि यह अभी औपचारिक रूप से लागू नहीं हुआ है, लेकिन इससे दोनों देशों के बीच तनाव कम होने की उम्मीद बढ़ गई है।

**क्या होंगे बातचीत के बड़े मुद्दे?**

मध्यस्थ तीन प्रमुख मुद्दों पर समझौता कराने की कोशिश कर रहे हैं। इनमें ईरान का परमाणु कार्यक्रम, होर्मुज जलडमरूमध्य की स्थिति और युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई शामिल है। यही मुद्दे दोनों देशों के बीच लंबे समय से विवाद का कारण बने हुए हैं।

**क्या फिर से शुरू होगी सीधी बातचीत?**

अधिकारियों के अनुसार, दोनों देश जल्द ही बातचीत की मेज पर लौट सकते हैं। मध्यस्थों का मानना है कि अगर इस बार बातचीत सफल रही तो लंबे समय के लिए शांति की दिशा में बड़ा कदम उठाया जा सकता है।

**क्या क्षेत्र में तनाव कम होने के संकेत हैं?**

संघर्ष-विराम बढ़ने से पश्चिम एशिया में तनाव कुछ हद तक कम हो सकता है। इससे वैश्विक तेल बाजार और समुद्री व्यापार पर भी सकारात्मक असर पड़ सकता है। खासकर होर्मुज जैसे अहम समुद्री मार्ग की सुरक्षा के लिहाज से यह बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# श्रीलंका से 32 जांबाजों की हुई वतन वापसी

### अमेरिकी टॉरपीडो ने समंदर में डुबोया था जहाज

**कोलंबो।** अमेरिकी पनडुब्बी हमले में डूबे ईरानी युद्धपोत के 32 जीवित बचे सैनिकों को श्रीलंका ने ईरान वापस भेज दिया है। इनके साथ अन्य ईरानी नौसैनिकों को भी विशेष विमान से रवाना किया गया। इस पूरी घटना के दौरान भारत ने भी एक अन्य ईरानी जहाज 'आईआरआईएस लावन' को कोच्चि में तकनीकी सहायता देकर मानवीय मिसाल पेश की, जिसकी सराहना खुद ईरान ने की है।

अमेरिकी पनडुब्बी के हमले का शिकार हुए ईरानी नौसैनिक जहाज आईआरआईएस डेना के जीवित बचे 32 नाविकों की आखिरकार वतन वापसी हो गई है। श्रीलंका के उप रक्षामंत्री अरुणा जयसेकरा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इन 32 जीवित बचे लोगों के साथ ईरानी नौसेना के एक अन्य जहाज 'आईआरआईएस बुशहर' पर मौजूद 200 से अधिक कर्मियों को एक विशेष



चार्टर्ड विमान के जरिए ईरान भेज दिया गया है।

**संकट में फंसे अन्य जहाज**

आईआरआईएस डेना के डूबने के बाद ईरान के दो अन्य जहाज, बुशहर और लावन भी तकनीकी और रणनीतिक कारणों से दक्षिण एशियाई देशों की शरण में थे। आईआरआईएस बुशहर ने छह मार्च को श्रीलंकाई जलक्षेत्र में प्रवेश की अनुमति मांगी थी, जिसके बाद से इसके कर्मचारी श्रीलंकाई नौसेना की सुरक्षा में थे। वहीं, आईआरआईएस लावन नाम का जहाज तकनीकी खराबी के कारण केरल के कोच्चि बंदरगाह पहुंचा था। भारत ने विषम परिस्थितियों को देखते हुए इस ईरानी जहाज को आपातकालीन रुकने की अनुमति दी थी। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा में इस बात की जानकारी दी कि ईरान ने भारत के इस कदम के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सदन को बताया, 'ईरान ने 20 फरवरी, 2026 को अपने तीन जहाजों के लिए अनुमति मांगी थी, जिसे एक मार्च को स्वीकार कर लिया गया। आईआरआईएस लावन चार मार्च को कोच्चि पहुंचा। संकट के समय किसी की मदद करना ही सही कदम है।'

**समंदर में क्या हुआ था**

घटना की जड़ें मार्च के शुरूआती दिनों से जुड़ी हैं। पश्चिम एशिया में जारी सैन्य तनाव की आग हिंद महासागर तक पहुंच गई थी। श्रीलंका के पास अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में एक अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर हमला कर उसे डुबो दिया था। यह हमला इतना भीषण था कि जहाज पर सवार 87 सैनिकों की मौके पर ही मौत हो गई। श्रीलंका की नौसेना ने बड़ा बचाव अभियान चलाया, जिसमें उन्होंने 87 शव बरामद किए थे और मौत के मुंह से 32 सैनिकों को सुरक्षित बाहर निकाला था।

## ईरान के समृद्ध यूरेनियम को संभालने की तैयारी में रूस, परमाणु विवाद में निभाएगा अहम भूमिका

**मॉस्को/बीजिंग।** ईरान के समृद्ध यूरेनियम को लेकर लंबे समय से जारी विवाद के बीच रूस ने एक बार फिर आगे बढ़कर समाधान का संकेत दिया है। मॉस्को की इस पेशकश को सिर्फ सहयोग नहीं, बल्कि एक रणनीतिक संदेश के तौर पर भी देखा जा रहा है, जो आने वाले दिनों में अंतरराष्ट्रीय समीकरण बदल सकता है।

अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक बार फिर ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर हलचल तेज हो गई है। रूस ने साफ किया है कि वह ईरान के समृद्ध यूरेनियम से जुड़े मुद्दे के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने को तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि मॉस्को इस संवेदनशील मामले में कई तरीकों से सहयोग कर सकता है। लावरोव ने दोहराया कि कोई भी कदम ईरान की सहमति और उसके अधिकारों का सम्मान करते हुए ही उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान को भी अन्य देशों की तरह शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है।



### 2015 का परमाणु समझौता

रूस, ईरान और छह विश्व शक्तियों के बीच हुआ ईरान परमाणु समझौता 2015 इस पूरे मुद्दे की अहम कड़ी है। इस समझौते के तहत ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने पर सहमति जताई थी, जिसके बदले उसे आर्थिक प्रतिबंधों में राहत दी गई थी। इस दौरान रूस ने ईरान से बड़ी मात्रा में समृद्ध यूरेनियम हटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

### अमेरिका के हटने से बढ़ा तनाव

हालात तब बदले जब डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकाल में अमेरिका ने एकतरफा तरीके से इस समझौते से खुद को अलग कर लिया। इसके बाद रूस लगातार ईरान के समर्थन में खड़ा रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि रूस की यह पेशकश परमाणु विवाद को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। हालांकि, इस पर अंतिम फैसला ईरान और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सहमति पर निर्भर करेगा।

# अंडमान के समुद्र में नाव डूबी, 250 लापता की तलाश जारी, रोहिंग्या-बांग्लादेशी थे सवार

**नई दिल्ली।** यूएनएचसीआर ने इस घटना को रोहिंग्याओं के दीर्घकालिक विस्थापन और स्थायी समाधानों की अनुपस्थिति के गंभीर परिणामों की झलक बताया। एजेंसी ने कहा कि यह त्रासदी म्यांमार में विस्थापन के मूल कारणों को संबोधित करने और रोहिंग्याओं को स्वेच्छा से और सुरक्षित रूप से घर लौटने की अनुमति देने के लिए तत्काल आवश्यक प्रयासों की याद दिलाती है।



अंडमान सागर में रोहिंग्या शरणार्थियों और बांग्लादेशी नागरिकों को ले जा रही एक नौका के पलटने से लगभग 250 लोगों के लापता होने की आशंका है। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) ने मंगलवार को इस दुखद घटना की पुष्टि की है।

संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनएचसीआर) ने एक बयान में कहा कि यह नौका दक्षिणी बांग्लादेश के टेक्नाफ से मलेशिया के लिए रवाना हुई थी। भारी हवाओं, उबड़-खाबड़ समुद्र और अत्यधिक भीड़भाड़ के कारण यह नौका डूब गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, नौका में लगभग 280 लोग सवार थे और इसने चार अप्रैल को बांग्लादेश छोड़ा था।

**लापता लोगों में बड़ी संख्या में रोहिंग्या**

हादसे में लापता लोगों में कई बच्चे भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बोट पर बड़ी संख्या में रोहिंग्या सवार थे। संभावना है कि इस नौका में सवार रोहिंग्या शरणार्थी बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में स्थित विशाल शिविरों से भागने की कोशिश कर रहे थे, जहां म्यांमार के रखाइन प्रांत से विस्थापित एक मिलियन से अधिक शरणार्थी दयनीय परिस्थितियों में रह रहे हैं।

**बचाव अभियान में जिंदा बचाए गए नौ लोग**

बांग्लादेश तटरक्षक बल ने बताया कि नौ अप्रैल को इंडोनेशिया जा रहे उसके एक जहाज ने समुद्र से नौ लोगों को बचाया, जिनमें एक महिला भी शामिल थी। इउञ्ञ के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कमांडर सब्बीर आलम सुजान ने एएफपी को बताया कि बांग्लादेशी ध्वजवाहक एम.टी. मेघना प्राइड ने अंडमान द्वीपों के पास गहरे पानी में कुछ लोगों को तैरते हुए देखा और उन्हें बचाया। बचाए गए लोगों को बाद में बांग्लादेश तटरक्षक बल के गश्ती जहाज मंसूर अली को सौंप दिया गया।

**बचने वालों ने सुनाई आपबीती**

बचाए गए लोगों में से एक रफीकुल इस्लाम (40) ने अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई। उन्होंने बताया कि तस्करों ने उन्हें मलेशिया में नौकरी का वादा करके नौका पर चढ़ाया था। उन्हें टेक्नाफ के एक घर में 20-25 अन्य लोगों के साथ अमानवीय परिस्थितियों में रखा गया था। रफीकुल ने बताया कि नौका चार दिन यात्रा करने के बाद पलट गई और वे लगभग 36 घंटे तक समुद्र में तैरते रहे, जब तक कि उन्हें बचा नहीं लिया गया।

## पुलिस बल में महिलाओं की कमी से बढ़ रही न्याय में चूक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पुलिस बल में महिलाओं की कम भागीदारी को लेकर एक नई रिपोर्ट में गंभीर चिंताएं जताई गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, महिला प्रतिनिधित्व की कमी के कारण महिलाओं के खिलाफ हिंसा के मामलों की कम रिपोर्टिंग, जांच में खामियां, कानूनी प्रक्रियाओं का पालन न होना, न्याय में चूक और पुलिस के प्रति बढ़ता अविश्वास सामने आ रहा है। विश्व आर्थिक मंच द्वारा जारी वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक 2024 में पाकिस्तान 146 देशों में 145वें स्थान पर रहा, जो देश में गहरी लैंगिक असमानता को दर्शाता है।

यूके आधारित अखबार एशियन लाइट की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण एशिया के अन्य देशों की तुलना में पाकिस्तान काफी पीछे है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान की स्थिति अफगानिस्तान के बराबर खराब है। आंकड़ों के अनुसार, नेपाल में महिला पुलिसकर्मियों की हिस्सेदारी 11.73%, श्रीलंका में 11.5% और बांग्लादेश में 8.63% है। वहीं, भारत में कुल पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी 12.60% है, जो पाकिस्तान की तुलना में कहीं अधिक है। रिपोर्ट में यह भी संकेत दिया गया है कि महिला पुलिसकर्मियों की कम संख्या के चलते महिलाओं से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता और प्रभावी कार्रवाई की कमी बनी रहती है, जिससे न्याय व्यवस्था पर भी असर पड़ता है।

16 April -26 page 8 15-04-2026 11:02 PM Page 1



गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# अभिषेक गर्ग ने दिखाई अंबेडकर जयंती शोभायात्रा को हरी झंडी, गाजियाबाद में भव्य आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को शहर में भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों लोगों की भागीदारी ने इसे एक बड़े जनउत्सव का रूप दे दिया। डॉ. बी.आर. अंबेडकर जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, जागरूकता और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां कार्यक्रम स्थल पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावुक भी किया और प्रेरित भी।

## अभिषेक गर्ग ने दिया सामाजिक एकता और शिक्षा का संदेश



**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक गर्ग ने शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने बाबा साहेब के विचारों को आज के समय में बेहद प्रासंगिक बताते हुए कहा कि समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। झांकियों में दिखा बाबा साहेब का जीवन और संघर्ष शोभायात्रा में शामिल भव्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इनमें बाबा साहेब के जीवन के विभिन्न चरणों—शिक्षा, संघर्ष, संविधान निर्माण और सामाजिक सुधार—को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर शोभायात्रा का स्वागत किया, जिससे पूरा माहौल उत्सवमय हो गया।

## विभिन्न वर्गों की रही सक्रिय भागीदारी



**करंट क्राइम।** इस अवसर पर बीएसपी केरल प्रभारी जयप्रकाश सिंह, सिकंदर यादव, बिल्लू यादव, मालती, डॉ. कमल किशोर, नीलिमा सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। समिति के पदाधिकारियों में तरुण कुमार (अध्यक्ष), राहुल सिंह (पूर्व अध्यक्ष), दुष्यंत गौतम (महासचिव), यशपाल सिंह (कोषाध्यक्ष) और हरेंद्र कुमार (लेखा परीक्षक) की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इसके अलावा विजय कुमार, रजनीश, ललित दास, एडवोकेट रामेश्वर दत्त, मुरली, श्रद्धा, शेर सिंह, सुशील गौतम, सोहनलाल सोनी, अशोक सेठ, योगी नरेंद्र, अजय पाल भारती, महेंद्र सिंह, रामेश्वर दयाल, नितिन, गौरव बौद्ध, गज्जू पहलवान, विनोद कुमार, पन्ना, शेखर, बिल्लू, कुलदीप, दीपक, सोनू जीनवाल, जितेंद्र गौतम, सुनील गौतम और संजीव वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में लोगों ने आयोजन को सफल बनाया।

### सामाजिक न्याय का दिया संदेश समानता, शिक्षा और

पूरे आयोजन का उद्देश्य बाबा साहेब के विचार–समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय–को जन-जन तक पहुंचाना रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लेकर हाथ में वेडिंग की प्लेट? शर्मा जी ने दिया अपने दिल का अपडेट? भाभी के सामने उन्होंने कही बात? कहा इस बार हम पहले के मुकाबले और जल्दी करेंगे साहिबाबाद से अपनी दावेदारी का आगाज? उन्होंने प्रकट किये अपने विचार? कहा किसी को एक मौका नहीं और किसी को मिल रहे हैं चार? यहां जीत मिल रही है मोदी और योगी जी के आशीर्वाद से? बाकी सबको पता है किसका है कितना जनाधार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भी नगर निगम हाउस टैक्स के आंकड़े करता है अपडेट? तब तुरंत पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी और हिमांशु मित्तल इन आंकड़ों के खिलाफ दूसरे आंकड़े ले आते हैं? बिल्कुल भी नहीं होते हैं लेट? फिर इससे छा जाते हैं असमंजस के बादल? जनता हो जाती है हैरान? निगम ठीक है या ये पूर्व वाले? इस पर शुरू हो जाता है घमासान? कहने वाले ने कहा हम देना चाहते हैं निगम वालों को सलाह? वो डाटा जारी करने से पहले कर लिया करें इन दोनों से चर्चा? तभी हो सकता है कुछ भला?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उनके दोस्तों को दे दो अपने सवाल के माध्यम से जानकारी? सेनेट्री वाले कर रहे हैं बहुत ही साईलेंट तरीके से तैयारी? बहुत ही पीक टाईम पर बाहर आयेगी उनकी दावेदारी? कहने वाले ने कहा दोस्तों को एहसास भी नहीं है कि कहां कहां है उनकी मुलाकातों का सिलसिला जारी? कहने वाले ने कहा हमने पहले भी ऐसे कई हिंट दिये हैं? आपको पता है बात कभी गलत नहीं निकलती है हमारी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उस वक्त हमें गजब का नजारा दिखाई दिया भाई? जिन्होंने नारी वंदना शक्ति वाले कार्यक्रम की जानकारी को लेकर प्रेस कान्फ्रेंस थी बुलाई? हमने देखा वो चारों महिलाएं जब हुआ कार्यक्रम तब उसमें नजर ही नहीं आईं? कहने वाले ने कहा इस बात को देखकर हम हो रहे थे हैरान? आखिर कुछ तो वजह रही होगी, यूं ही न्यौता देने वाले कहां गायब होते हैं श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एक बात हमने गजब की देखी यार? अम्बेडकर जयंती वाले प्रमुख कार्यक्रम में उभर कर आ रहा था शहर सीट से दावेदार अभिषेक गर्ग का किरदार? हम देख रहे थे उनके आस-पास ही घूम रहा था आरक्षण वाला फैक्टर? हम देख रहे थे उन पर ही दे रहे थे समाज के सभी चेहरे ध्यान? फीता भी कार्यक्रम का उनसे दिखवाया? हरी झंडी भी उनसे दिखवाई श्रीमान? कहने वाले ने कहा उन्होंने बिना बोले दे दिया संदेश कि हमारा दिल इस चेहरे को अभी से उम्मीदवार का दे रहा है अपने दिल में स्थान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मुरादनगर से दावेदारी कर रहे एक त्यागी दावेदार का भर गया है महानगर संगठन की राजनीति से मन? कहने वाले ने कहा ये बात हम यूं ही नहीं कह रहे हैं सनम? आपने देखा होगा अब नहीं दिखाई देते उनके पार्टी कार्यालय से लेकर कहीं पर भी अपडेट? ना ही किसी भी कार्यक्रम में दिखाई देता है उनका किरदार? सुना है उन्होंने वेस्टर्न लेवल से राजनीति को धार देने की तैयारी कर ली है? नीचे से कुछ नहीं होना, इस बात को कर लिया है उन्होंने स्वीकार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं गया था पार्टी कार्यालय के अंदर? महीना अप्रैल का था, नहीं था नवंबर और दिसम्बर? मैंने देखा कुछ चीजें नहीं हो रही थीं यहां पर अपग्रेड? सीसीटीवी भी बंद नजर आ रहे थे? फोन भी दिखाई दे रहा था डेड? कहने वाले ने कहा कि हो सकता है हुई हो किसी एक ही दिन ये दोनों परेशानी? अगर ऐसा लंबे समय से चल रहा है तो फिर हमको है बहुत ज्यादा हैरानी?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** चोटी वाले त्यागी जी बेमतलब में हो रहे हैं कुछ चेहरों से नाराज? जिन चेहरों का उन्होंने कभी साथ ही नहीं दिया? तो फिर उन्होंने सिफारिश की या नहीं की, इससे उनको क्या लेना-देना है साहब? नाराजगी तो उन चेहरों से होनी चाहिए? जिनके लिए कर रहे थे ये रात और दिन एक? अपडेट तो इनको इन्हीं चेहरों से लेना चाहिए? पूछना चाहिए कि उन्होंने तो मेरे लिए कुछ करना ही नहीं था? सवाल तो आपसे है कि आप उस वक्त कहां रह गये? जब हो रहे थे टीम में रखने के लिए नाम अपडेट?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात अब समझ नहीं आ रही हुजूर? या तो जय ने हथियार डाल दिये हैं या वीरू में पहले वाला जोश नहीं रहा हुजूर? कहने वाले ने कहा बीच में उम्मीदें जगी थी कि बन रहा है गोवा का टूर? मगर अचानक ये चर्चा उठकर क्यों शांत हो गई? समझ नहीं आ रहा है हुजूर? कहने वाले ने कहा टाम क्रूज तो अभी मारकर आये हैं पहाड़ों वाला टूर? लगता है ये ऐसे ही करते रहेंगे और दूर होता रहेगा गोवा का टूर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जो मचा रहे हैं नाराजगी के रूक्के? उन्होंने कहा हमने नहीं भरे थे किसी के भी हुक्के? देवतुल्य ने कहा हमने चुन-चुन कर लगाई थी इस बार हर दरवाजे पर फरियाद? मगर अनसुनी कर दी गई हमारी बात? हमारा गुस्सा इस बात को लेकर है कि जिस जनप्रतिनिधि पर हमें भरोसा था? उसने नहीं रखी कोर में हमारी बात? वो चाहते तो पूरी कर सकते थे हमारी "मुराद"?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया सन्नी का जन्मदिन



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कविनगर निवासी सन्नी के जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाओं की धूम रही। इस अवसर पर दैनिक करंट क्राइम के सम्पादक मनोज गुप्ता, बिल्डर एसोसिएशन के पूर्व पदाधिकारी लालचंद शर्मा, विजय मोहन, एन के अग्रवाल, रिटायर्ड सीओ अनिल समानिया, जगत गुर्जर, विरेन्द्र कुशवाहा, आशीष गर्ग, सुरेश तोमर, मदन चौधरी, रवि जैन, पुनीत सरीन मुख्य रूप से मौजूद रहे। सभी ने सन्नी को उनके जन्मदिन की शुभकामनायें देते हुए उनकी लम्बी आयु, उत्तम स्वास्थय और यशस्वी जीवन की कामना की।

## मुलाकात



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नामित पार्षद बनाये जाने के बाद प्रदीप चौधरी दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने दैनिक करंट क्राइम के सम्पादक मनोज गुप्ता से मुलाकात की। सम्पादक मनोज गुप्ता ने प्रदीप चौधरी को उनकी नयी पारी शुरू होने की शुभकामनायें दीं। इस अवसर पर दोनों ने कई मुददों पर बातचीत की। इस दौरान व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक कुमार भारतीय भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## बीएआई के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेश अवस्थी का निधन, शोक सभा आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** बिल्डर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वर्ष 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेश अवस्थी का रविवार, 11 अप्रैल को कानपुर के एक निजी अस्पताल में हृदयाघात (हार्ट अटैक) से असामयिक निधन हो गया। वे आईआईटी खड़गपुर से सिविल इंजीनियर व मानद पीएचडी डिग्री धारक थे।

उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए 15 अप्रैल को इअकनॉर्थ जोन द्वारा गाजियाबाद सेंटर के तत्वावधान में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल चंद शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रविन्द्र त्यागी और गाजियाबाद सेंटर के अध्यक्ष जय कुमार अग्रवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने पुष्पांजलि अर्पित की।

उपस्थित सदस्यों ने अवस्थी के निधन को उद्योग जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभा में संजय त्यागी, सतीश कसाना, रामकुमार चौधरी सहित भारी संख्या में ठेकेदार और निर्माण क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## खन्ना नगर पुलिस चौकी के नए भवन का उद्घाटन, सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए थाना अंकुर विहार क्षेत्र स्थित खन्ना नगर पुलिस चौकी के पुनर्निर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने विधिवत फीता काटकर नए भवन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जन सुरक्षा को मजबूत करना और पुलिसिंग को आधुनिक बनाना विभाग की प्राथमिकता है। नए चौकी भवन के शुरू होने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था प्रबंधन, अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकेगा। साथ ही आम नागरिकों को बेहतर सुविधा और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि चौकी भवन को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित किया गया है, जिससे पुलिसकर्मियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो सकेगा। इस अवसर पर पुलिस उपायुक्त ग्रामीण सुरेन्द्र नाथ तिवारी के साथ एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

सभी अधिकारियों ने भवन का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। स्थानीय नागरिकों ने भी नए चौकी भवन के उद्घाटन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक सराहनीय पहल बताया।

## सीबीएसई रिजल्ट : सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के मेधावी छात्रों ने बढ़ाया मान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं के परीक्षा परिणामों में सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया है। सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने अपनी शैक्षणिक योग्यता का लोहा मनवाया है। छात्रों ने अपनी इस सफलता का श्रेय शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और माता-पिता के निरंतर सहयोग को दिया है। परीक्षा की तैयारी के दौरान उन्होंने नियमित अध्ययन और समय प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया। विद्यालय प्रबंधन ने छात्रों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। यह परिणाम न केवल छात्र की मेहनत, बल्कि विद्यालय की उत्कृष्ट शिक्षा प्रणाली का भी परिचायक है। छात्र-छात्राओं की इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## सुंदर भाटी गैंग का नाम लेकर 10 करोड़ की रंगदारी मांगने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद के इंदिरापुरम क्षेत्र में एक बिल्डर से 10 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। क्राइम ब्रांच टीम ने इस मामले में दो युवकों और एक युवती सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिन्होंने कुख्यात बदमाश सुंदर भाटी के गैंग का नाम लेकर बिल्डर को धमकी दी थी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान रविंद्र उर्फ रॉबिन (निवासी वेव सिटी), तुषार बसौया और सविता उर्फ सवी चौधरी के रूप में हुई है।

पुलिस के मुताबिक सभी आरोपी आपस में परिचित थे और पहले से बिल्डर के संपर्क में भी रह चुके थे। यह मामला बताता है कि अपराधी किस तरह भरोसे और अंदरूनी जानकारी का दुरुपयोग कर बड़े अपराध को अंजाम देने की कोशिश करते हैं, लेकिन गाजियाबाद पुलिस की सतर्कता से समय रहते पूरे गिरोह का भंडाफोड़ हो गया।

### सीपी ने खुलासा करने वाली टीम को दिया 50, हजार का ईनाम

### व्हाट्सएप कॉल से ट्रेस कर दबोचे गए आरोपी



**करंट क्राइम :** पीड़ित बिल्डर की शिकायत पर 11 अप्रैल को इंदिरापुरम थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। इसके बाद क्राइम ब्रांच टीम ने तकनीकी सर्विलांस के जरिए व्हाट्सएप कॉल को ट्रैक कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। डीसीपी सिटी धवल जायसवाल और एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास से एक रेडमी मोबाइल समेत कुल पांच मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

### अंदर की जानकारी से रची गई साजिश

**करंट क्राइम :** पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपियों को बिल्डर की आर्थिक स्थिति, प्रॉपर्टी और साइट ऑफिस की पूरी जानकारी थी। इसी का फायदा उठाते हुए उन्होंने मोटी रकम वसूलने की योजना बनाई। आरोपियों ने नया मोबाइल और सिम लेकर व्हाट्सएप कॉल के जरिए बिल्डर को धमकी दी कि वे सुंदर भाटी गैंग से बोल रहे हैं। उन्होंने 10 करोड़ रुपये नहीं देने पर जान से मारने और परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी।

### खुलासे पर पुलिस टीम को 50,000 का इनाम



**करंट क्राइम :** इस हाई-प्रोफाइल केस के खुलासे पर पुलिस कमिश्नर ने क्राइम ब्रांच टीम को 50,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की है। इंस्पेक्टर अनिल राजपूत के नेतृत्व में टीम ने तेजी से कार्रवाई करते हुए पूरे मामले का पदार्फाश किया। उधर व्यापारियों के लिए पुलिस की अहम चेतावनी भी सामने आई है। प्रेसवार्ता के दौरान डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने कहा कि अपनी आर्थिक और प्रॉपर्टी से जुड़ी जानकारी गोपनीय रखें। कर्मचारियों और परिचितों के साथ संवेदनशील जानकारी साझा न करें। किसी भी धमकी की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दें, उन्होंने कहा कि इस मामले में भी अंदरूनी जानकारी का गलत फायदा उठाया गया।

## नोएडा हिंसा : 700+ गिरफ्तार, साजिश रचने वालों की तलाश में जुटी पुलिस और खुफिया एजेंसियां

**नोएडा।** नोएडा में हाल ही में हुए उपद्रव और हिंसक घटनाओं के बाद पुलिस प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए पुलिस ने विभिन्न थानों में अब तक 12 से अधिक एफआईआर दर्ज की हैं। इन मामलों में संलिप्त 700 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है, जबकि कई अन्य संदिग्धों की तलाश अभी भी जारी है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह घटनाएं केवल अचानक भड़की हिंसा नहीं थीं, बल्कि इसके पीछे एक सुनियोजित साजिश की आशंका भी जताई जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस ने जांच का दायरा बढ़ाते हुए षडयंत्र के एंगल पर भी गहन पड़ताल शुरू कर दी है। जांच टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों से सैकड़ों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जब्त की गई है, जिनके आधार पर उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।